मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 45 ■ अंक : 203 ■ गुरुवार 6 नवंबर 2025 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

संपादक – हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. Mobile.:- 9822045566

FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com Google Play GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel Subscribe

epaper.ulhasvikas.com




पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

सलमान खान के खिलाफ दर्ज हुआ केस

# नगराध्यक्ष पद के लिए रस्सीखेच शुरू






## अंबरनाथ में सभी दलों के इच्छुक उम्मीदवारों ने शुरू की तैयारियाँ

**अंबरनाथः** आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में नगर पालिकाओं के मतदाताओं द्वारा नगराध्यक्ष पद के लिए प्रत्यक्ष चुनाव की घोषणा ने अंबरनाथ नगर पालिका की राजनीति को एक अलग मोड़ दे दिया है। इस पद के लिए सामान्य महिला आरक्षण की घोषणा के बाद से सभी दलों के इच्छुक उम्मीदवारों का प्रचार अभियान शुरू हो गया है। यद्यपि स्थानीय स्तर पर गठबंधन को लेकर असमंजस की स्थिति है, लेकिन ऐसा लगता है कि शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) के इच्छुक उम्मीदवारों की संख्या सबसे अधिक है। बेशक, भाजपा, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और अन्य दल भी इस दौड़ में शामिल हो गए हैं। इच्छुक उम्मीदवारों में शिवसेना (शिंदे गुट) सबसे आगे है। चूँकि इस गुट में अनुभवी महिला नेताओं की एक बड़ी संख्या है, इसलिए उम्मीदवारी के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा है। सबसे मजबूत दावेदार पूर्व महापौर मनीषा वालेकर मानी जा रही हैं। उन्होंने ढाई साल तक महापौर के रूप में कार्य किया है और उन्हें नगरसेविका के रूप में भी कई वर्षों का अनुभव है। अच्छी वक्तृत्व कला, व्यापक जनसंपर्क और प्रशासनिक कार्यों का अनुभव उनकी मुख्य ताकत है, जो उनके दावे को मजबूत बनाता है। इसके अलावा, इसी पार्टी की प्रज्ञा बनसोडे (पूर्व महापौर और पूर्व नगरसेविका) भी शहर में अच्छी तरह से जानी जाती हैं। सामाजिक, शैक्षणिक और पार्टी कार्यक्रमों में लगातार सक्रिय रहने वाली सुवर्णा सालुंखे, पूर्व महापौर सुनील चौधरी की पत्नी अनीता चौधरी और पूर्व नगरसेवक पुरुषोत्तम उगले की पत्नी वीणा उगले के नाम भी चर्चा में हैं और उनकी पैरवी भी तेज हो गई है। दूसरी ओर, पूर्व महापौर (दिवंगत) पूर्णिमा कबरे की बेटी पायल कबरे और भाजपा से सुजाता भोईर ने तैयारी शुरू कर दी है। सीधे चुने जाने वाले महापौर को विशेष अधिकार प्राप्त होंगे और नगरपालिका में बहुमत वाली पार्टी का उसके प्रशासन पर सीधा प्रभाव नहीं पड़ेगा। इन सभी कारकों को ध्यान में रखते हुए, इच्छुक उम्मीदवारों ने विभिन्न जातियों और धर्मों के नागरिकों से मिलना शुरू कर दिया है और कई सामाजिक, धार्मिक और शैक्षणिक गतिविधियों को अंजाम देना शुरू कर दिया है।

## तेजश्री करंजुले भाजपा की ओर से नगराध्यक्ष की उम्मीदवार

■ शिवसेना-भाजपा में युति के आसार खत्म

▶▶| यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नगर परिषद के चुनाव की घोषणा के साथ ही चुनाव सरगर्मियां अब तेज हो गई हैं. भाजपा की ओर से नगराध्यक्ष पद के लिए भाजपा राज्य परिषद सदस्य एवं पूर्व नगराध्यक्ष गुलाबराव करंजुले पाटिल की बहू तेजश्री विश्वजीत करंजुले पाटिल के नाम की घोषणा भाजपा की ओर से की गई है. इसके लिए एक बैठक का आयोजन किया गया था. इस घोषणा के बाद अब ये साफ हो गया है कि अंबरनाथ में शिवसेना, भाजपा युति नहीं होगी. इससे पूर्व पूर्णिमा कबरे की बेटी पायल कबरे एवं भाजपा की पूर्व महिला अध्यक्ष सुजाता भोईर का नाम चर्चा में रहा है. शिवसेना शिंदे गट की ओर से नगराध्यक्ष पद के लिए सबसे ऊपर नाम मनिषा अरविंद वालेकर का लिया जा रहा है.



विदित हो कि सन 2005 में सीधे नगराध्यक्ष के चुनाव में गुलाबराव करंजुले पाटिल को जनता ने नगराध्यक्ष चुन कर दिया था. अब इतिहास फिर से दोहराया जा रहा है. अंबरनाथ में दूसरी बार जनता नगराध्यक्ष का चुनाव करेगी और करंजुले परिवार की बहू का नाम भाजपा की ओर से सामने आया है. शिवसेना की ओर से डॉ. बालाजी किणीकर की पत्नी का नाम एवं राकांपा (अप) अध्यक्ष सदाशिव पाटिल की बहू अश्विनी सचिन पाटिल के नाम की भी घोषणा की गई है. कांग्रेस की ओर से अध्यक्ष प्रदीप पाटिल की पत्नी नूतन पाटिल का नाम सामने आ रहा है. विदित हो कि नगराध्यक्ष के लिए आरक्षण, महिला खुला वर्ग होने के कारण अब कई नाम सामने आ रहे हैं. भाजपा की ओर से घोषित की गई नगराध्यक्ष उम्मीदवार तेजश्री करंजुले पाटिल सुशिक्षित, चार्टर्ड एकाउंटेंट हैं.

## मतदाता सूची में गड़बड़ी सिर्फ़ एक तकनीकी त्रुटि

■ सुधार के बाद जल्द ही नई सूची अपलोड की जाएगी!

■ मुख्य अधिकारी उमाकांत गायकवाड़ की जानकारी

अंबरनाथ. अंबरनाथ नगर पालिका के मुख्य अधिकारी उमाकांत गायकवाड़ ने बताया है कि अंबरनाथ नगर पालिका की अंतिम मतदाता सूची में एक वार्ड से दूसरे वार्ड में स्थानांतरित हुए नाम सिर्फ़ एक तकनीकी त्रुटि हैं और उन्हें सुधार लिया गया है। यह नई संशोधित सूची जल्द ही प्रकाशित की जाएगी।

अंबरनाथ नगर पालिका के आगामी चुनावों के लिए मतदाता सूची का मसौदा जारी कर दिया गया है। इस सूची के संबंध में प्राप्त आपत्तियों और सुझावों को ध्यान में रखते हुए, स्थल निरीक्षण के माध्यम



से उचित सुधार करने हेतु एक आपत्ति नियंत्रण चार्ट तैयार किया गया था। इस चार्ट को अपलोड करते समय, तकनीकी कठिनाइयों और विसंगतियों के कारण, कुछ प्रविष्टियाँ ओवरलैप हो गईं और जानकारी गलत दर्ज हो गई। इसके कारण, यह पाया गया कि सूची में बड़ी संख्या में वार्ड-वार मतदाता बदल गए थे।

अंबरनाथ नगर निगम के मुख्य अधिकारी उमाकांत गायकवाड़ ने बताया है कि मतदाता सूची में इन तकनीकी त्रुटियों को ठीक करने के बाद, आवश्यक सुधारों के साथ सटीक अंतिम मतदाता सूची जल्द ही नागरिकों को उपलब्ध कराई जाएगी। संशोधित अंतिम सूची जल्द ही अपलोड की जाएगी।

## मनपा चुनावों के लिए विस की मतदाता सूची स्वीकार्य

■ आयोग ने हाईकोर्ट को दी जानकारी

■ सुनवाई गुरुवार तक के लिए स्थगित

**मुंबई.** मतदाता सूची में कथित गड़बड़ी एक राजनीतिक विवाद का विषय बन गई है, वहीं राज्य चुनाव आयोग ने हाईकोर्ट में मतदाता सूची को लेकर एक अहम रुख पेश किया। आयोग ने अदालत को बताया कि राज्य चुनाव आयोग आगामी नगर निगम चुनावों के लिए विधानसभा चुनाव की मतदाता सूची का इस्तेमाल करेगा।

18 साल की एक लड़की ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। अप्रैल 2015 में 18 साल की होने के बावजूद उसे मतदाता सूची में नाम दर्ज करने से मना कर दिया गया। लड़की ने चुनाव आयोग के इस रुख पर आपत्ति जताई है। मंगलवार को जस्टिस रियाज छागला और फरहान दुभाष की पीठ के समक्ष उसकी याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान याचिकाकर्ता रूपिका सिंह के वकीलों ने राज्य चुनाव आयोग के रुख पर कड़ी आपत्ति जताई। इसके बाद राज्य चुनाव आयोग की ओर से वरिष्ठ वकील आशुतोष कुंभकोनी ने दलीलें रखीं। चुनाव आयोग ने पीठ को बताया कि विधानसभा चुनाव में इस्तेमाल की गई मतदाता सूची ही आगामी नगर निगम चुनाव में भी इस्तेमाल की जाएगी। पीठ ने इस पर संज्ञान लिया और सुनवाई गुरुवार तक के लिए स्थगित कर दी।

## प्रभाग अधिकारी अलका पवार की लापरवाही से नेताजी रोड बना धोकादायक

■ उल्हासनगर-5 स्थित नेताजी चौक का सीसी रोड पड़ा अधूरा

**उल्हासनगर।** उल्हासनगर-5 स्थित नेताजी चौक पर न्यू इंग्लिश स्कूल के पास बनाए गए नए सीमेंट रोड को अधूरा छोड़ दिया गया है जिस कारण यहां पर आए दिन फुटपाथ न बनाए जाने के कारण लोग गिर रहे हैं। खबर मिली है कि प्रभाग अधिकारी अलका पवार की लापरवाही से और उनके कहने पर यह कार्य बंद पड़ा रहा है। सुनने में यह आ रहा है कि स्कूल संचालकों



के कहने पर प्रशासन ने यह कार्य कई महीनों से अधूरा छोड़ा हुआ है। यहां पर प्रशासन, ठेकेदार और स्कूल प्रशासन की मिलीभगत से कई महीनों से यह रोड धोकादायक बना हुआ है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि फुटपाथ पर पुराने पेड़ की शाखाओं को भी भारी नुकसान हुआ है जिससे परिसर के घर क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। यहां से आने-जाने वाले आए दिन इस अधूरे पड़े रोड के किनारे घर रहे हैं और वाहन चालकों को भी दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ रहा है। परिसर निवासी व्यास महाराज ने मनपा आयुक्त मनिषा आव्हाले से अपील की है कि इस ओर तुरंत ध्यान देकर इस अधूरे पड़े रोड को तुरंत पूरा करना चाहिए।

## उल्हासनगर में नगर विकास योजना के नियमों का उल्लंघन

■ 150 करोड़ की लागत से 'ज़िगज़ैग' सड़कें बनाई गईं

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर में नगर विकास योजना के नियमों का उल्लंघन करते हुए, एमएमआरडीए के माध्यम से 150 करोड़ की लागत से शहर की 7 प्रमुख सड़कों का निर्माण पिछले 3 वर्षों से चल रहा है। इस बात की आलोचना हो रही है कि जहाँ जगह उपलब्ध है, वहाँ सड़कों का निर्माण ज़िगज़ैग तरीके से किया जा रहा है, और इस तरह निर्माण विभाग की कार्यप्रणाली की पोल खुल गई है।

उल्हासनगर में, एमएमआरडीए के माध्यम से 150 करोड़ की लागत से 7 प्रमुख



सड़कों का निर्माण पिछले तीन वर्षों से चल रहा है। कहा जा रहा है कि इन सड़कों के पूरा होने के बाद, शहर अच्छी तरह से जुड़ जाएगा। शहर के हित में यह है कि वास्तव में बनाई जा रही सड़कें विकास परियोजना के नियमों के अनुसार हों। हालाँकि, इसके बजाय, सभी स्तरों पर इस बात की आलोचना हो रही है कि सड़कें नगर विकास योजना के नियमों के अनुसार ज़िगज़ैग तरीके से बनाई जा रही हैं।

शांतिनगर को सी ब्लॉक शहाड रेलवे स्टेशन होते हुए डॉल्फिन से जोड़ने वाली रिंग रोड विकास योजना के अनुसार 120 फीट चौड़ी है। हकीकत में, यह पता चला कि सड़क मुश्किल से 50 से 60 फीट चौड़ी बनाई गई।

### सड़क पर बिजली के खंभे और ट्रांसफार्मर

सड़क बनाते समय, एमएमआरडीए को सड़क में बाधा बन रहे बिजली के खंभों और ट्रांसफार्मरों को हटाना था। हालाँकि, चूँकि बिजली के खंभे और ट्रांसफार्मर सड़क पर खड़े हैं, इसलिए किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है।

### सड़क निर्माण विकास योजना के अनुसार नहीं

एमएमआरडीए के माध्यम से बनाई जा रही प्रमुख 7 सड़कों का निर्माण विकास योजना के अनुसार नहीं किया गया है। सड़क को चौड़ीकरण के लिए चिह्नित किया गया था। हालाँकि, कोई कार्रवाई नहीं की गई।

### विकास योजना सिर्फ़ कागज़ों पर

उल्हासनगर शहर में यातायात की समस्या को हल करने के लिए 'रिंग रोड' को महत्वपूर्ण माना जाता है। विकास योजना में शांतिनगर डॉल्फिन रोड 120 फीट चौड़ी है। हालाँकि, सर्वदलीय नेता इस बात की आलोचना कर रहे हैं कि सड़क जगह की उपलब्धता के अनुसार बनाई गई।

## उल्हासनगर में एक बार फिर गुंडे ने फैलाई दहशत

■ दुकानदार पर चाकू से जानलेवा हमला

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर में एक बार फिर गुंडों की दहशत का मामला सामने आया है। उल्हासनगर 2 के बाल्कनजी बाड़ी इलाके में एक दुकानदार पर चाकू से जानलेवा हमला करने की चौंकाने वाली घटना हुई है और पूरी घटना CCTV कैमरे में कैद हो गई है।

मिली जानकारी के मुताबिक, राहुल नगर इलाके के रहने वाले पन्नालाल जायसवाल नानक जीरा चौक पर 'कनक जनरल स्टोर' नाम से दुकान चलाते हैं। सोमवार रात करीब 9:30 बजे करण लबाना नाम का एक युवक दुकान पर आया। अचानक उसने काउंटर पर रखा चॉकलेट का जार पन्नालाल की तरफ फेंका और अपनी जेब से चाकू निकालकर उस पर हमला कर दिया। इसके बाद गुस्से में करण ने पन्नालाल को लात-घूंसों से बुरी तरह पीटा। जाते-जाते उसने धमकी दी, 'तेरे लड़के आए तो उनको बोल देना करण आया था, मैं उसका मर्डर कर दूंगा।' इस घटना के बाद पन्नालाल जायसवाल ने सेंट्रल पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। करण लबाना गुरु तेज बहादुर कॉलोनी का रहने वाला है और पुलिस ने उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। हालांकि हत्या के प्रयास का मामला दर्ज न होने पर घायल ने पुलिस उपायुक्त सचिन गोर से भी शिकायत की है। इस घटना से इलाके के व्यापारियों में डर का माहौल है और पुलिस से तुरंत सख्त कार्रवाई की मांग की जा रही है।

## अंबरनाथ में एक ही रात दो चोरियाँ



**अंबरनाथ.** चोरों ने एक बार फिर सिर उठाया है और रविवार रात दो अलग-अलग चोरियों ने नागरिकों में गहरा भय का माहौल पैदा कर दिया है। बांद्रापाड़ा इलाके में घर के सामने खड़ी महेंद्र भोईर (54) की मोटरसाइकिल चोरों ने महज दस मिनट में चुरा ली। चोरों ने ड्राइवर द्वारा चाबी निकालना भूल जाने का फायदा उठाया। वहीं दूसरी ओर, कल्याण-कर्जत स्टेट हाईवे के पास चिखलोली इलाके में चोरों ने एक सुपरमार्केट को निशाना बनाया। अज्ञात चोर दुकान की छत तोड़कर अंदर घुस गए और तिजोरी से 62,000 रुपये चुरा ले गए।

नेताजी व प्रेम नगर टेकड़ी परिसर में

## हुक्का पार्लर कर रहे युवाओं को बर्बाद

■ हिल लाइन पुलिस कार्रवाई करें

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर शहर के युवा इन दिनों नशे का आदि हो चुके हैं। उल्हासनगर पुलिस उपायुक्त परिमंडल 4 में अवैध हुक्का पार्लरों में जाकर युवा बर्बाद हो रहे और इस नशे की चपेट में आ गए हैं। एक अभिभावक ने हमें बताया कि उनका बेटा क्लासेस के बाद घर ही नहीं आया और काफी ढूंढने के बाद पता चला कि वो हुक्का पार्लर में अपने दोस्तों के साथ नशा कर रहा है।

अभिभावकों ने पुलिस में इसकी शिकायत करनी चाहिए लेकिन पुलिस ने भी उसकी एक न सुनी। सूत्रों ने बताया है कि उल्हासनगर-5 प्रेम नगर टेकड़ी और नेताजी चौक परिसर में हुक्का पार्लर धड़ल्ले से चलाए जाते हैं। इन परिसर में कॉलेज व क्लासेस की भरमार होने से हुक्का पार्लर एक अय्याशी का अड्डा बन गया है। और इन पार्लरों में युवा हुक्का व ई-सिगरेट कर नशे के आदि हो रहे हैं। मासूम बच्चों को इस नशे के छुटकारा दिलाने की मांग अभिभावकों ने पुलिस प्रशासन की है। अब देखना है कि उल्हासनगर में इन हुक्का पार्लरों पर पुलिस कार्रवाई करती है या नहीं। हुक्का पार्लर संचालकों का कहना है कि वो पुलिस के आर्शिवाद से ही अपना कारोबार चला रहे हैं।

## अंबरनाथ में नपा ने बैनर-पोस्टर हटाए

■ आचार संहिता लागू होने के साथ कार्रवाई शुरू

▶▶| उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नगर परिषद की घोषणा के बाद आदर्श आचार संहिता के लागू हो जाने के बाद नगर परिषद एकदम सतर्क हो गया है. शहर में जगह-जगह नेताओं द्वारा लगाए गए बैनर-पोस्टर्स को निकालने का कार्य शुरू कर दिया गया है.

बुधवार को नगरपरिषद के अतिक्रमण विभाग के कर्मचारियों ने शहर पश्चिम एवं पूर्व के चौक पर एवं सड़कों के बीच बनाई गई कमानी को हटाने का कार्य शुरू कर दिया है.

गुरुनानक जयंती की छुट्टी होने के बावजूद नपा मुख्याधिकारी उमाकांत गायकवाड़ एवं चुनाव कार्य के लिए तैनात किए गए अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे. 10 नवंबर से इच्छुक उम्मीदवारों द्वारा नामांकन फार्म भरने की प्रक्रिया शुरू होगी. इसकी तैयारी में सभी मग्न दिकाई दिए. हमें ऐसी जानकारी मिली है कि 3 दिसंबर को महात्मा गांधी विद्यालय में मतगणना होगी और यहीं से नतीजों की घोषणा की जाएगी.

विदित हो कि 2 दिसंबर को 29 प्रभाग के 59 नगरसेवकों एवं नगर अध्यक्ष के लिए मतदाता मतदान करेंगे. देर से मिली खबर के अनुसार बैनर-पोस्टर्स निकालते समय एक पूर्व नगरसेवक नपा कर्मचारियों से उलझ गए. कर्मचारियों ने इसकी शिकायत अपने वरिष्ठों से की है.






## आचार संहिता से पहले पालिका निधि खर्च करने की जल्दी

■ आचार संहिता से पहले कामों की बरसात

■ पाँच साल बाद हो रही रंगाई-पुताई

■ आनन-फानन में खर्च हो रही राशि

**कल्याण.** कल्याण डोंबिवली मनपा के आगामी चुनावों की पृष्ठभूमि में आचार संहिता लागू होने की आशंका के चलते, मनपा प्रशासन ने राशि खर्च करने की जल्दी शुरू कर दी है। इसमें मुख्य रूप से निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के आफिसों के साथ-साथ मनपा के अधिकारियों और महत्वपूर्ण विभागों के कार्यालयों की मरम्मत का काम शामिल है। मनपा के निर्माण विभाग के इंजीनियरों ने इन मरम्मत कार्यों का निरीक्षण शुरू कर दिया है और बजट से राशि खर्च करने के लिए लाखों रुपये के कार्यों के टेंडर निकाले जा रहे हैं।

नवंबर 2020 से कल्याण डोंबिवली मनपा में जनप्रतिनिधियों का शासन समाप्त हो गया है और पिछले पाँच वर्षों से प्रशासनिक शासन लागू है। कोरोना और अन्य कारणों से मनपा चुनाव स्थगित



होने के कारण यह अवधि बढ़ गई है। इसके चलते महापौर, उप महापौर, स्थायी समिति अध्यक्ष, विपक्ष के नेता और विभिन्न दलों के गुट नेताओं के कार्यालय पिछले पाँच वर्षों से बंद पड़े हैं।

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा स्थानीय निकाय चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद चुनावी बिगुल बज चुका है। वार्ड संरचना की घोषणा हो चुकी है और जल्द ही आरक्षण की घोषणा की जाएगी। आगामी चुनावों के लिए आदर्श आचार संहिता अगले कुछ महीनों में लागू होने की संभावना है, इसलिए निर्माण विभाग ने जनप्रतिनिधियों और महत्वपूर्ण प्रशासनिक कार्यालयों के बंद पड़े कार्यालयों की मरम्मत और नवीनीकरण पर ध्यान केंद्रित किया है। देखा जा रहा है कि निर्माण विभाग के अधिकारी आदर्श आचार संहिता लागू होने से पहले मरम्मत कार्य के लिए अनुमान तैयार करने, निविदाएँ जारी करने और कार्यादेश जारी करने में तेज़ी दिखा रहे हैं।

### निरीक्षण और मरम्मत कार्य

अतिरिक्त कार्यकारी अभियंता जगदीश कोरे ने बताया कि मनपा मुख्यालय स्थित कार्यालयों का निरीक्षण और मरम्मत कार्य किया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि चूंकि ये कार्य महंगे हैं, इसलिए निविदाएं ई-टेंडरिंग के माध्यम से जारी और पूरी की जाएंगी।

**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक उल्हास विकास

संपादकीय

## हाई-टेक लूट का नया युग

पिछले कुछ समय से साइबर अपराधियों का संजाल जिस तरह लगातार बढ़ता देखा जा रहा है, उसमें डिजिटल हो रही व्यवस्था के सामने एक बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है। इससे निपटने के लिए सरकार और जांच एजंसियों के मौजूदा सुरक्षात्मक उपाय बौने साबित हो रहे हैं। साइबर अपराधी ठगी की घटनाओं को अंजाम देने के लिए नए-नए तरीके इजाद कर रहे हैं। 'डिजिटल अरेस्ट' भी इनमें से एक है, जिसके जरिए बड़े पैमाने पर लोगों को धोखाधड़ी का शिकार बनाया जा रहा है।

इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि केंद्र सरकार और केंद्रीय जांच जांच ब्यूरो (सीबीआइ) ने ऐसे मामलों में अब तक तीन हजार करोड़ रुपए से अधिक की उगाही किए जाने का अनुमान जताया है। यही कारण है कि अब सर्वोच्च अदालत ने इस तरह के मामलों से सख्ती से निपटने की जरूरत पर बल दिया है। साथ ही कहा कि अगर अदालत से कड़े आदेश पारित नहीं किए गए, तो यह समस्या और भी गंभीर हो सकती है।

गौरतलब है कि देश में साइबर अपराधों के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी का आकलन राष्ट्रीय अपराध रेकार्ड ब्यूरो की हाल की एक रपट से किया जा सकता है। इसमें कहा गया है कि वर्ष 2022 में देश भर में साइबर अपराध के 65,983 मामले दर्ज किए गए, जिनकी संख्या 2023 में इकतीस फीसद बढ़कर 86,420 हो गई। साइबर ठगी के ऐसे मामले भी सामने आते रहे हैं, जिनमें पीड़ित लोगों से करोड़ों रुपए ऐंठ लिए गए। ऐसे ही एक मामले में पिछले दिनों हरियाणा के अंबाला की एक बुजुर्ग महिला ने प्रधान न्यायाधीश को पत्र लिखकर कहा कि उन्हें और उनके पति को 'डिजिटल अरेस्ट' कर अपराधियों ने उनसे एक करोड़ रुपए से अधिक की रकम हड़प ली।

इसके बाद शीर्ष अदालत ने ऐसे मामलों को लेकर सख्त रुख अपनाया है। सर्वोच्च न्यायालय के इस दखल से उम्मीद है कि सरकार और जांच एजंसियों की ओर से साइबर ठगों पर नकेल कसने के लिए जल्द ठोस एवं कारगर कदम उठाए जाएंगे। साइबर संजाल की दुनिया में जिस रफ्तार से जोखिम पैदा हो रहे हैं, उसमें व्यापक पैमाने पर डिजिटलीकरण के असुरक्षित होने को लेकर भी गंभीर सवाल उठने लगे हैं।

# नीतीश के लिए निर्णायक बने रहने की चुनौती

कुछ दिन पहले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने चुनावी सभा में यह एलान किया कि बिहार में मुख्यमंत्री की कुर्सी पर फिलहाल अभी कोई 'वैकेंसी' नहीं है। उनका यह बयान मुख्यमंत्री के रूप में नीतीश कुमार को समर्थन के रूप में देखा गया। हालांकि उससे कुछ दिन पहले शाह ने ही कहा था कि मुख्यमंत्री के नाम पर निर्णय नतीजों के बाद होगा। स्पष्ट है कि मुख्यमंत्री को लेकर राजग की सहयोगी भाजपा में ऊहापोह की स्थिति है, लेकिन यह भी सच है कि नीतीश कुमार ही पूरी चुनावी चर्चा के केंद्र में हैं।

बिहार के राजनीतिक परिदृश्य पर अभी नीतीश कुमार की जदयू तीसरे नंबर पर, लेकिन राज्य की जटिल राजनीति में नीतीश का महत्व इसी से समझा जा सकता है कि 2005 के बाद से उसके बिना राज्य में कोई सरकार नहीं बन पाई। बिहार के सामाजिक-राजनीतिक समीकरणों का संकेत यही है कि शायद इस चुनाव के बाद भी जदयू के बिना नई सरकार नहीं बन पाएगी। विधानसभा में तीसरे स्थान पर पहुंच जाने के बावजूद अगर कोई दल यह कहे कि उसका नेता सत्ता के खेल में इतना अपरिहार्य बना रहता है तो जाहिर है कि वह राज्य की राजनीति में बड़ा ब्रांड बन चुका है।



यह ब्रांड अचानक नहीं बन गया। लालू-राबड़ी राजनीति से असहज जार्ज फर्नांडिस सरीखे समाजवादी नेताओं ने बिहार के सामाजिक समीकरण को ध्यान में रखते हुए यह ब्रांड गढ़ा। मंडल-कमंडल के बीच राजनीतिक ध्रुवीकरण के मद्देनजर लालू के इर्दगिर्द गोलबंद ओबीसी और अल्पसंख्यक वोट बैंक में सेंध लगाए बिना ऐसे ब्रांड की स्वीकार्यता नहीं बन सकती थी। उत्तर प्रदेश की तरह बिहार भी अहसास करने लगा था कि सामाजिक न्याय की मलाई चंद दबंग और प्रभावशाली जातियां ही चट कर रही हैं। इसीलिए ईबीसी का नया वोट बैंक तैयार किया गया। कुर्मी समुदाय के साफ छवि वाले शिक्षित नेता नीतीश कुमार को उसका चेहरा बनाया गया।

जनता दल में विभाजन कर अलग समता पार्टी बनाई गई, जिसने भाजपा से गठबंधन किया। लंबे संघर्ष के बाद 2005 में यही बिहार में बदलाव का ब्रांड बनकर उभरा। बेशक ब्रांड नीतीश के शिल्पकार जार्ज थे, लेकिन मार्केटिंग भाजपा ने भी जमकर की। कारण वही कि सामाजिक न्याय के प्रतीकों में से ही किसी एक को आगे किए बिना लालू-राबड़ी राज से बिहार की मुक्ति संभव नहीं थी। नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद ओबीसी में भाजपा की स्वीकार्यता बढ़ी है, पर उससे पहले तक बिहार में वह अगड़ों की पार्टी मानी जाती थी, जिससे अल्पसंख्यकों की दूरियां भी जगजाहिर हैं। भाजपा का गणित यही था कि नीतीश के जरिये लालू के ओबीसी-अल्पसंख्यक वोट बैंक में सेंध लगाए बिना बिहार में न तो बदलाव संभव है और न ही उसका भविष्य। लालू-राबड़ी के जंगलराज का चुनावी नारा भी उस बदलाव की हवा में बेहद कारगर साबित हुआ। नई पीढ़ी को लालू-राबड़ी का जंगलराज याद दिलाना पड़ता है, जबकि नीतीश के शासन के सभी प्रत्यक्षदर्शी हैं।

जदयू और भाजपा बिहार की राजनीति में एक-दूसरे के पूरक बने। बेशक इसका शुरुआती लाभ नीतीश को ही मिला और वे बदलाव की राजनीति के नायक बनकर एक बड़ा ब्रांड बन गए। इसका एक बड़ा कारण भाजपा में किसी व्यापक सामाजिक स्वीकायर्ता वाले चेहरे का अभाव भी रहा। इधर भाजपा भी पिछले 20 वर्षों के दौरान राज्य में अपना जनाधार बढ़ाने में सफल रही है। विधानसभा में सीटें और चुनाव में मत-प्रतिशत इसका प्रमाण है, लेकिन ब्रांड नीतीश के आसपास वह अपना कोई चेहरा स्थापित नहीं कर पाई। नीतीश के समक्ष लालू-राबड़ी की राजनीति के प्रतिनिधि अब तेजस्वी यादव हैं। वे अपना परंपरागत 'एम-वाइ' यानी मुस्लिम-यादव वोट बैंक तो काफी हद तक बचाए रखने में सफल रहे, लेकिन ब्रांड नीतीश के जरिये हुई सेंधमारी की भरपाई नहीं कर पाए। बिहार का यही जमीनी सामाजिक-राजनीतिक गणित दो दशक बाद भी ब्रांड नीतीश की सबसे बड़ी ताकत है। इसके बल पर वे चुनावी राजनीति में न सिर्फ जरूरी, बल्कि दोनों बड़े दलों के लिए सत्ता की मजबूरी भी बने हुए हैं। हालांकि विकास के वादों और दावों के आईने में बिहार कहां खड़ा है, इस सवाल का जवाब अब जनता नीतीश से चाहती है।




संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

प्रभु के प्रेम को अनुभव करने के लिए जो कुछ भी हमें चाहिए, वो हम में से हर एक के लिए उपलब्ध कराया गया है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# खेल वही जिसमें हर बार जनता फंसती है

देश भर में जब भी लोकसभा या किसी राज्य की विधानसभा के लिए चुनाव की घोषणा होती है, तो आचार संहिता लागू होने के बाद अमूमन हर राज्य से निर्वाचन आयोग की ओर से चलाए गए अभियान के तहत भारी मात्रा में शराब, अवैध नकद राशि, मादक पदार्थ आदि की जब्ती की खबरें आती हैं। दरअसल, इस अभियान का मकसद यह होता है कि मतदाताओं के बीच नकदी या शराब आदि बांट कर मतदान की प्रक्रिया को किसी खास दल या उम्मीदवार के प्रलोभन में आकर प्रभावित होने से रोका जाए।

आदर्श और सिद्धांत रूप में निर्वाचन आयोग की यह कवायद लोकतंत्र की मजबूती को कायम रखने का अभियान है। मगर सवाल है कि बहुत लंबे समय से और लगभग हर चुनाव के पहले इस तरह के अभियान में भारी मात्रा में अवैध वस्तुओं और पैसों की जब्ती के बावजूद अब तक इस चलन पर रोक क्यों नहीं लगाई जा सकी है। निर्वाचन आयोग ऐसी ठोस व्यवस्था क्यों नहीं कर सका है, जिससे कोई भी दल या उसके उम्मीदवार चुनावी रिश्वत के रूप में पैसे, शराब, मादक पदार्थ या फिर कोई वस्तु देकर मतदाताओं को लुभाने की कोशिश न करे।

गौरतलब है कि बिहार विधानसभा चुनाव के लिए कल पहले चरण का मतदान है। उससे पहले चुनाव आयोग ने



जिस तरह अपने अभियान के तहत अवैध सामान और नकदी की जब्ती की खबर दी है, उससे साफ है कि बिहार की चुनाव प्रक्रिया को स्वस्थ मतदान के बजाय अन्य कारकों से प्रभावित करने की कोशिश हो रही है। आयोग की एक रपट के मुताबिक, बिहार में अब तक 9.62 करोड़ रुपए नकद, 42.14 करोड़ रुपए मूल्य की शराब, 24.61 करोड़ रुपए मूल्य के मादक पदार्थ, करीब छह करोड़ रुपए की कीमती धातुएं और इसके अलावा 26 करोड़ रुपए से अधिक की मुफ्त बांटी जाने वाली अन्य वस्तुएं जब्त की गई हैं। यह कोई छिपी बात नहीं है कि कुछ दल या उम्मीदवार जब इससे आशंकित होते हैं कि लोगों के बीच उनका पर्याप्त समर्थन नहीं है और वे चुनाव हार सकते हैं, तब वे मतदाताओं को रिझाने के लिए गैरकानूनी तरीके से नकदी, शराब या अन्य मादक पदार्थ मुफ्त बांटने का सहारा लेते हैं।

जाहिर है, ऐसी कवायदें स्वच्छ और स्वतंत्र मतदान को प्रभावित करके लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कमजोर करने की कोशिश हैं। चुनाव आयोग की ओर से इस तरह की हरकतों के खिलाफ अभियान तो चलाए जाते हैं और बड़े पैमाने पर अवैध राशि और सामान की जब्ती की जाती है, कुछ लोगों को गिरफ्तार भी किया जाता है। मगर आम लोगों तक यह खबर शायद कभी नहीं पहुंच पाती है कि व्यापक स्तर पर जब्ती के बाद आयोग ने उसके वास्तविक आरोपियों को कानून के कठघरे में खड़ा कराया या नहीं, उसके खिलाफ कोई सख्त कार्रवाई हुई या नहीं।

हर बार केवल अवैध सामग्री की जब्ती और कुछ निचले स्तर के कार्यकर्ताओं को पकड़े जाने तथा उन्हें संचालित करने वाले बड़े नेताओं को बख्श दिए जाने का ही नतीजा है कि चुनावों के दौरान मतदाताओं को गलत तरीके से अपने पक्ष में करने के लिए गैरकानूनी हरकतों का सहारा लिया जाता है। बिहार में जब्ती के संदर्भ में आयोग को सरकार से भी यह पूछना चाहिए कि शराबबंदी वाले राज्य में अवैध तरीके से इतने बड़े पैमाने पर शराब बांटने की कोशिश कैसे चल रही थी। यह एक स्वस्थ लोकतंत्र के सामने एक बड़ी चुनौती है और निर्वाचन आयोग को वर्षों से बदस्तूर जारी इस गैरकानूनी चलन को स्थायी तौर पर खत्म करने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे।

# BMW से भी महंगा है बाहुबली रेडा गजेंद्र !

सांगली में चल रही 'यशवंत कृषि प्रदर्शनी' में इस बार सबकी नज़रें एक ही चीज़ पर टिकी थीं, हिंद केसरी गजेंद्र रेडा पर. डेढ़ टन वज़न वाला ये विशाल रेडा न सिर्फ़ आकार में शानदार है, बल्कि इसकी कीमत भी सुनकर लोग दंग रह जाते हैं, पूरे डेढ़ करोड़ रुपये!

**जरा हट के**

गजेंद्र रेडा मुर्रा नस्ल का है, और इसे पूरे देश में पहचान मिल चुकी है. इसके मालिक ज्ञानेश्वर विलास नाइक बताते हैं कि जब ये रेडा सिर्फ़ चार दिन का था, तब ही इसके लिए एक लाख रुपये की पेशकश हुई थी. कुछ साल बाद हरियाणा के बड़े पशुपालकों ने डेढ़ करोड़ रुपये तक की कीमत लगाने की कोशिश की, लेकिन नाइक परिवार ने साफ़ मना कर दिया. उनका कहना है, 'गजेंद्र ने हमारी किस्मत चमका दी, हम उसे बेचेंगे नहीं.'

इस रेडे की कहानी भी कम दिलचस्प नहीं है. ज्ञानेश्वर के पिता गणपति नाइक ने कुछ साल पहले हरियाणा से मुर्रा नस्ल का एक भैंसा डेढ़ लाख रुपये में खरीदा था. उसी से गजेंद्र रेडा पैदा हुआ,



और यहीं से उनकी किस्मत पलट गई. आज उनकी गौशाला में 50 से ज़्यादा भैंसें हैं और गजेंद्र की औलाद 'बाहुबली रेडा' भी वहीं पली-बढ़ रही है.

गजेंद्र अब तक देशभर की 22 प्रदर्शनियों में हिस्सा ले चुका है और हर जगह इसका जलवा बना हुआ है. हर प्रदर्शनी से मालिक को करीब एक लाख रुपये की फीस मिलती है.

जहां तक इसके खाने की बात है, तो इसके लिए भी राजा जैसी व्यवस्था है. रोज़ इसे 15 लीटर भैंस का दूध, 3 किलो सेब, 3 किलो आटा, और 4 किलो चावल की खली दी जाती है. इसके अलावा गन्ना, मक्का और हरी घास इसकी रोज़ की डाइट में शामिल हैं. मालिक बताते हैं कि गजेंद्र के रख-रखाव पर रोज़ 2 हजार रुपये तक खर्च हो जाते हैं.



कई सब्जियों को देखकर बच्चे नाक-मुंह सिकोड़ने लगते हैं। ऐसे में माता-पिता के लिए बड़ा सिरदर्द बन जाता है कि उन्हें क्या खिलाएं। आज हम आपके लिए एक ऐसी रेसिपी लेकर आए हैं, जो उनका पेट भरने के साथ-साथ आपको दादी-नानी के हाथों का स्वाद भी याद दिला देगी।

## गुड़ का पराठा

**सामग्री :**

- आटा - 2 कप
- गुड़ - 100 ग्राम
- अजवाइन - आधा छोटा चम्मच
- सौंफ - आधा छोटा चम्मच
- ड्राई फ्रूट्स - ऑप्शनल
- घी/तेल - 2 चम्मच

**विधि :**

गुड़ का पराठा बनाने के लिए सबसे पहले आटा लें और इसे अजवाइन और सौंफ के साथ अच्छे से गूंद लें।

अब इसे थोड़ी देर के लिए ढंककर रेस्ट करने के लिए रख दें।



इसके बाद लोई लेकर इसमें पिसा हुआ गुड़ और बारीक कटे ड्राई फ्रूट्स डालकर बेल लें।

फिर इसे तवे पर थोड़ा घी लगाकर दोनों ओर से क्रिस्पी कर लें। बस तैयार है टेस्टी और हेल्दी गुड़ का पराठा, जो दादी-नानी के हाथ का स्वाद याद दिला देता है।

# रोज 20 मिनट की धूप कर सकती है कई कमाल

सेहतमंद रहने के लिए दो चीजें सबसे ज्यादा जरूरी है, पहली डाइट और दूसरी एक्सरसाइज। बात जब भी अच्छी सेहत की आती है, तो लोग पहले सबसे डाइट पर भी ध्यान देते हैं। इसके लिए लोग या तो खानपान बेहतर करते हैं या सप्लीमेंट्स का सहारा लेते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं डेली डोज ऑफ सनसाइन यानी धूप भी आपको हेल्दी बनाने में अहम योगदान दे सकती है।

जी हां, सूरज के मिलने वाले फायदों के बारे में खुद न्यूरोलॉजिस्ट सुधीर कुमार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट शेयर कर जानकारी दी। अपने इस पोस्ट में उन्होंने बताया कि सूरज की रोशनी न सिर्फ आपके शरीर में विटामिन-डी का लेवल बढ़ाती है, बल्कि और भी कई सारे फायदे देती हैं। रोजाना सिर्फ 20-30 मिनट



बाहर (सुबह या देर दोपहर) बिताने से आपके शरीर को नेचुरली बहुत सारे फायदे मिल सकते हैं। आइए जानते हैं इन फायदों के बारे में-

### ■ हार्ट हेल्थ बेहतर बनाए

डॉक्टर बताते हैं कि थोड़ा-सा यूवी एक्सपोजर ब्लड प्रेशर को कम करने में मदद करता है और हार्ट डिजीज के जोखिम को कम कर सकता है। इस तरह सूरज की रोशनी हार्ट हेल्थ बेहतर में मदद करती है।

### ■ मूड को बेहतर बनाता है

सूरज की रोशनी न सिर्फ फिजिकल, बल्कि मेंटल हेल्थ को भी फायदा पहुंचाती है। दरअसल, सूरज की रोशनी सेरोटोनिन को एक्टिव करती है, जिससे एनर्जी और इमोशनल वेल-बीइंग में सुधार होता है।

### हड्डियों और मांसपेशियों को मजबूत बनाए

सूरज की रोशनी में रहने से शरीर को विटामिन-डी मिलता है। शरीर में विटामिन-डी के होने से सूरज की रोशनी कैल्शियम के अब्जॉर्प्शन में मदद करती है, जिससे हड्डियां मजबूत होती है और मांसपेशियों की बेहतर फंक्शनिंग में मदद मिलती है।

### ■ नींद में सुधार करता है

हेल्दी रहने के लिए अच्छी नींद बेहद जरूरी है और सूरज की रोशनी इसमें आपकी मदद कर सकती है। सुबह की धूप आपकी बॉडी क्लॉक को रीसेट करती है, जिससे गहरी और अच्छी नींद आती है।

### ■ इम्युनिटी बढ़ाने में मददगार

रोजाना सूरज की रोशनी लेने से आपकी इम्युनिटी भी मजबूत होती है। इम्यून सिस्टम मजबूत होने से कई तरह की बीमारियों और इन्फेक्शन से बचाव होता है।

### ■ उम्र में भी बढ़ सकती है

जी हां, अगर आप लंबे समय तक एक हेल्दी लाइफ जीना चाहते हैं, तो ज्यादा से ज्यादा धूप में समय बिताए। धूप में रहने वाले लोग आमतौर पर हेल्दी और लंबी उम्र जीते हैं।

### ■ इन बातों का रखें ध्यान

- दोपहर की कड़ी धूप से बचें।
- अपनी आंखों और स्किन की सुरक्षा करें।

## चुटकुले



■ एक मच्छर की शादी में हाथी उछल-उछलकर नाच रहा था।ये देखकर एक मेंढकर को अचंभ हुआ...
उसने पास जाकर हाथी से पूछा, भाई आप एक मच्छर की शादी में इतना उछल-कूद कर क्यों नाच रहे हो?
हाथी बोला-बेवकूफ नाच नहीं रहा हूं. कुछ मच्छर शराब पीकर नाक-कान मे घुस गए हैं, उन्हें निकालने की कोशिश कर रहा हूं।

■ **पप्पू**- क्या तुमको पता है कि मंदिर में पुरुष ही पुजारी क्यों होते है
**चप्पू**- नहीं यार तुम ही बता दो
**गप्पू**- मुझे पता है मैं बताता हूं.
**गप्पू**- ताकि, लोग सिर्फ भगवान पर ध्यान दे सकें।

## आज का राशिफल

**मेष** : कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। धार्मिक अनुष्ठान पूजा-पाठ इत्यादि का कार्यक्रम आयोजित हो सकता है। कोर्ट-कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। मानसिक शांति रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। समय अनुकूल है।

**वृषभ** : बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। नौकरी में चैन रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। प्रमाद न करें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। शारीरिक कष्ट संभव है।

**मिथुन** : कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक काम करने की इच्छा रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा। सुख के साधन प्राप्त होंगे। नई योजना बनेगी। तत्काल लाभ नहीं मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में मातहतों का सहयोग मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**कर्क** : व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। शारीरिक कष्ट संभव है। किसी व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। स्वाभिमान को ठेस लग सकती है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। आय बनी रहेगी। पुराना रोग उभर सकता है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है।

**सिंह** : किसी दूसरे व्यक्ति की बातों में न आएं। कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें। व्यापार अच्छा चलेगा। नौकरी में मातहतों से कहासुनी हो सकती है। लेन-देन में सावधानी रखें। कुसंगति से बचें। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। पुराना रोग उभर सकता है।

**कन्या** : घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा। परिवार में मांगलिक कार्य हो सकता है। धन प्राप्ति सुगम होगी। शरीर में कमर व घुटने आदि के दर्द से परेशानी हो सकती है। लेन-देन में सावधानी रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। शत्रुभय रहेगा। कोर्ट व कचहरी के कार्य अनुकूल रहेंगे।

**तुला** : धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी। बड़ा लाभ हो सकता है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता मिलेगी। भाग्य का साथ रहेगा। शेयर मार्केट से लाभ होगा। शत्रु पस्त होंगे। सुख के साधनों की प्राप्ति पर व्यय होगा।

**वृश्चिक** : किसी वरिष्ठ प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार से लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कष्ट व भय सताएंगे। भाग्य का साथ मिलेगा। किसी मांगलिक कार्य में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा।

**धनु** : कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है। भागदौड़ अधिक रहेगी। थकान व कमजोरी महसूस होगी। आय में निश्चितता रहेगी। व्यापार ठीक चलेगा। निवेश सोच-समझकर करें। राजभय रहेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। शारीरिक कष्ट संभव है। यात्रा में जल्दबाजी न करें।

**मकर** : प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक कार्यों में रुचि रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा। नौकरी में प्रशंसा होगी। कार्यसिद्धि होगी। प्रसन्नता रहेगी। चोट व रोग से बचें। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। किसी व्यक्ति के बहकावे में न आएं। व्यापार ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। पारिवारिक सहयोग मिलेगा।

**कुंभ** : दूर से शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी। घर में मेहमानों का आगमन होगा। कोई मांगलिक कार्य हो सकता है। आत्मविश्वास बढ़ेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। प्रसन्नता बनी रहेगी। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। यश बढ़ेगा।

**मीन** : व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। निवेश शुभ रहेगा। व्यापार मनोनुकूल लाभ देगा। किसी बड़ी समस्या से मुक्ति मिल सकती है। किसी न्यायपूर्ण बात का भी विरोध हो सकता है। विवाद न करें। कुबुद्धि हावी रहेगी। चोट व रोग से बचें।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# तीन सफेद चीजों से मिनटों में चमकाएं तांबे-पीतल के बर्तन

पुराने समय में हर घर में तांबे और पीतल के बर्तन होते थे चाहे पानी पीने का लोटा हो, पूजा का दीया हो या फिर सजावट की कोई चीज़. इन धातु के बर्तनों की खास बात ये है कि ये दिखने में बेहद सुंदर लगते हैं, लेकिन थोड़े दिन में ही इन पर काला पन या हरा जंग जैसा परत जम जाता है. ऐसे में इन बर्तनों की पुरानी चमक वापस लाने के लिए लोग अक्सर केमिकल वाले क्लीनर या मार्केट के पॉलिश का सहारा लेते हैं, जो न केवल महंगे होते हैं बल्कि लंबे समय में बर्तन की चमक को भी नुकसान पहुंचाते हैं. अब अगर आप सोच रहे हैं कि घर बैठे, बिना किसी मेहनत के तांबे या पीतल के बर्तन फिर से कैसे नए जैसे चमकाए जा सकते हैं, तो इसका जवाब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही एक देसी हैक में मिल गया है. इस हैक में सिर्फ तीन सफेद चीजों का इस्तेमाल होता है जो हर किचन में मौजूद रहती हैं. इनसे बना पेस्ट बर्तनों को मिनटों में ऐसा चमकाता है कि आप खुद देखकर हैरान रह जाएंगे.

### सिर्फ तीन चीजों से बनाएं बर्तन चमकाने का पेस्ट

अगर आपके घर के पीतल, तांबे या कांसे के बर्तन पूजा के बाद काले पड़ गए हैं, तो आपको बाहर पैसे खर्च करने की ज़रूरत नहीं, ये आसान तरीका आज़माइए –

**इसके लिए चाहिए**

- एक चम्मच सफेद नमक
- दो चम्मच सिट्रिक एसिड या नींबू के फूल
- एक चम्मच बर्तन धोने का लिक्विड
- दो चम्मच व्हाइट विनेगर
- और थोड़ा पानी

सबसे पहले एक बाउल में नमक, सिट्रिक एसिड, विनेगर और बर्तन धोने का लिक्विड डालकर एक गाढ़ा पेस्ट तैयार करें, अगर ये ज्यादा गाढ़ा लगे तो थोड़ा पानी मिला लें.

अब इस सॉल्यूशन को बर्तनों पर लगाएं या बर्तन को इसमें डुबोकर रख दें. कुछ ही मिनटों में आप देखेंगे कि काले धब्बे अपने आप हल्के होने लगे हैं, अगर कहीं जिद्दी दाग हैं, तो हल्के हाथों से स्पंज या कपड़े से रगड़ दें. बस कुछ ही मिनटों में आपके बर्तन फिर से ऐसे चमकने लगेंगे जैसे अभी-अभी दुकान से खरीदे गए हों.



### सोशल मीडिया पर वायरल हुई यह हैक

इंस्टाग्राम पर foodsandflavorsbyshilpi नाम के एक पेज ने ये तरीका शेयर किया है, जिसमें दिखाया गया कि सिर्फ एक मिनट में कैसे तांबे, पीतल और कांसे के बर्तन एकदम नए जैसे चमक सकते हैं. इस वीडियो को अब तक हजारों लोग देख चुके हैं और करीब 8000 से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं.

इस वायरल वीडियो के बाद लोगों ने खुद इस ट्रिक को ट्राई किया और रिजल्ट देखकर हैरान रह गए. कई लोगों ने बताया कि उनके सालों पुराने बर्तन भी इस देसी नुस्खे से फिर से पुराने सुनहरे रंग में लौट आए.

# हरी मिर्च सूखने लगी है तो फेकें नहीं, पाउडर बनाएं

### 1. मिर्च की सफाई

सबसे पहले फ्रिज या बाजार से ली गई हरी मिर्च को साफ पानी से अच्छे से धो लें ताकि उस पर लगी धूल-मिट्टी हट जाए. इसके बाद मिर्च के डंठल काटकर हटा दें और एक साफ कपड़े से पोछकर सुखा लें.

### 2. मिर्च को काटें और बीज निकालें

अब सारी मिर्च को बीच से दो हिस्सों में काट लीजिए, अगर आप बहुत तीखा पाउडर नहीं चाहते, तो मिर्च के बीज निकाल दें. बीज निकालने से मिर्च जल्दी सूखती है और पाउडर का स्वाद भी बैलेंस रहता है.

### 3. सुखाने की प्रक्रिया

मिर्च को सुखाने के दो तरीके हैं पहला धूप में और दूसरा माइक्रोवेव में.

**माइक्रोवेव तरीका:** अगर आपके पास माइक्रोवेव है, तो मिर्च को एल्युमिनियम फॉयल या प्लेट में फैला दें और करीब 5 मिनट के लिए माइक्रोवेव करें. बीच-बीच में एक बार चलाना न भूलें ताकि मिर्च समान रूप से सूखे.

**धूप में सुखाने का तरीका:** अगर आप नेचुरल तरीके से सुखाना



चाहते हैं, तो मिर्च को किसी सूती कपड़े पर फैलाकर ऐसी जगह रखें जहां हल्की धूप या हवा आती हो. सीधे तेज धूप में रखने से मिर्च का रंग हल्का पड़ सकता है. इसे 2 से 3 दिन तक ऐसे ही सूखने दें.

### 4. पीसने का स्टेप

जब मिर्च अच्छी तरह सूख जाए, तो उन्हें मिक्सर ग्राइंडर में डालकर बारीक पीस लें, अगर चाहें तो ग्राइंड करते वक्त थोड़ा सा सरसों या नारियल तेल डाल सकते हैं, इससे पाउडर स्मूद बनता है और खुशबू भी बढ़ जाती है.

### 5. छानकर स्टोर करें

पीसने के बाद इसे किसी बारीक छन्नी से छान लें ताकि बड़े टुकड़े अलग हो जाएं. फिर पाउडर को किसी एयरटाइट डिब्बे या ग्लास जार में भरकर रख दें. इस तरह तैयार ग्रीन चिली पाउडर को आप 6 महीने तक इस्तेमाल कर सकते हैं.

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### परीक्षा देने आई वाराणसी की महिला से गोरखपुर के होटल में दुष्कर्म की कोशिश

**गोरखपुर.** वाराणसी की रहने वाली एक महिला ने आरोप लगाया है कि सरदारनगर के पूर्व ब्लॉक प्रमुख ईश्वर जयसवाल ने गोरखपुर में उसके साथ छेड़खानी की और निर्वस्त्र करने का प्रयास किया। महिला ने बताया कि वह और उसके परिजन डीएलएड परीक्षा के लिए गोरखपुर आए हुए थे। 27-29 अक्टूबर, 2025 तक आयोजित परीक्षा के दौरान 28 अक्टूबर की शाम को रूम में अकेले होने के दौरान आरोपित पूर्व ब्लॉक प्रमुख उनसे मिलने आए। महिला के अनुसार, आरोपित ने कमरे का ताला अंदर से लगा दिया तथा आपत्तिजनक बातें कीं। विरोध करने पर आरोपित ने पिस्तौल निकालने की धमकी दी और प्रार्थिनी के कपड़े उतरवाने की कोशिश की, जिससे वह भयभीत हो गईं। बाद में महिला ने अपना पूरा मामला लिखित रूप में कैंट थाने में दर्ज कराया।

### कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान करने जा रहे युवकों को ट्रक ने रौंदा, तीन भाइयों की मौत

**उन्नाव.** उन्नाव-रायबरेली हाइवे पर एक पिकअप ट्रक ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, इस हादसे में तीन भाइयों की मौत हो गई। तीनों गंगा स्नान के लिए जा रहे हैं। यह घटना मंगलवार देर रात बिहार थाना क्षेत्र में मलौना गांव के निकट उन्नाव-रायबरेली राजमार्ग पर हुई। मृतकों की पहचान मौरावां क्षेत्र के अकोहरी ग्राम पंचायत के बखतखेड़ा मोहल्ले के निवासी रघुनाथ के बेटे सचिन (20) और छोटू (18) और अरुण राजपूत (26) के तौर पर हुई। पुलिस ने बताया कि तीनों भाई कार्तिक पूर्णिमा के लिए गंगा स्नान करने जा रहे थे, तभी बिहार थाना क्षेत्र में राजमार्ग पर एक महिंद्रा पिकअप ट्रक ने उनकी मोटरसाइकिल को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मोटरसाइकिल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और तीनों सड़क पर गिर गये।

### होटल में एक और दिन रुकने की जिद, प्रेमिका के इनकार पर नाबालिग प्रेमी ने लगा ली फांसी

**कानपुर.** कानपुर के हरवंश मोहाल स्थित एक होटल में अपनी प्रेमिका के साथ ठहरे 17 वर्षीय बीएससी के छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। एनसीसी का प्रशिक्षण पूरा होने के बाद दोनों सोमवार को होटल पहुंचे थे। 18 वर्षीय युवती कानपुर देहात की है, जबकि किशोर फर्रुखाबाद का रहने वाला था। पुलिस ने हादसे की जानकारी किशोर के परिजनों को दी तो कोहराम मच गया। वहीं युवती का कहना है कि छात्र उसके साथ होटल में एक और दिन रुकना चाहता था। उसने मना किया तो कहासुनी हो गई। इसके बाद वह बाथरूम चली गई और उसने बाथरूम का दरवाजा बाहर से बंद कर कमरे में खुद को फांसी लगा ली।

### नाले में गिरा ऑटो, दो की मौत, 10 घायल

**कानपुर.** कानपुर में बुधवार की सुबह एक ऑटो सड़क पर अचानक बेकाबू हो गया। कोई कुछ समझ पाता इसके पहले ऑटो एक नाले में जा गिरा। इस हादसे में ऑटो में बैठे एक युवक और महिला की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 10 अन्य लोग घायल हो गए। हादसे के बाद थोड़ी ही देर में मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को आनन-फानन में कल्याणपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) तक पहुंचाया। डॉक्टर घायलों के इलाज में जुटे हैं। हादसा, कानपुर के कल्याणपुर क्षेत्र में बिठूर रोड पर नवशील धाम के पास हुआ। कार्तिक पूर्णिमा पर कानपुर देहात के सुधीर, समता के अलावा करीब दर्जन भर लोग ऑटो में बैठकर बिठूर के ब्रह्मावर्त घाट में स्नान करने के लिए जा रही थी।

# ओपिनियन पोल में नीतीश के लिए खुशखबरी

**पटना.** बिहार में होगी किसकी सरकार? इस सवाल का जवाब 10 दिनों में आने वाला है। हालांकि, सर्वे में राज्य में सत्तारूढ़ NDA को बढ़त के संकेत हैं। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता बड़ी भूमिका निभा सकती है। IANS-Matrize के ओपिनियन पोल के आंकड़े बता रहे हैं कि 60 प्रतिशत से ज्यादा लोग उनके चेहरे पर वोट देना चाहते हैं। बिहार में विधानसभा चुनाव पहले चरण के लिए प्रचार मंगलवार को समाप्त हो गया।



### सर्वे में क्या

IANS-Matrize ओपिनियन पोल के अनुसार, 63 फीसदी लोग पीएम मोदी के नाम पर वोट देने के संकेत दे रहे हैं। वहीं, 9 फीसदी लोगों का कहना है कि उन्होंने अब तक तय नहीं किया है कि चुनाव में पीएम मोदी की लोकप्रियता का असर कितना होगा। जबकि, 19 प्रतिशत लोगों ने कोई भी असर पड़ने से इनकार किया है। 8 प्रतिशत लोगों का कहना है कि उनकी लोकप्रियता का कुछ असर पड़ सकता है। 10 अक्टूबर से 3 नवंबर के बीच हुए सर्वे में कुल 73 हजार 287 लोगों से राय ली गई थी।

### नीतीश कुमार के पक्ष में ओपिनियन पोल

ओपिनियन पोल में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के लिए भी खुशखबरी है। 46 प्रतिशत उत्तरदाताओं के लिए कुमार सीएम के तौर पर पहली पसंद हैं। जबकि, महागठबंधन के सीएम फेस तेजस्वी यादव के पक्ष में 15 प्रतिशत उत्तरदाता रहे।

### बिहार विधानसभा चुनाव

बिहार की 243 सीटों पर दो चरणों में मतदान गुरुवार से शुरू होने जा रहा है। पहले चरण में 121 सीटों के लिए वोट डाले जाएंगे। जबकि, 11 नवंबर को दूसरे चरण में 122 सीटों पर मतदान होगा। भारत निर्वाचन आयोग के कार्यक्रम के अनुसार 14 नवंबर को मतगणना होगी। इस दौरान कुल 2 हजार 616 उम्मीदवार चुनावी दांव खेलेंगे। राज्य में सत्तारूढ़ NDA और राष्ट्रीय जनता दल की अगुवाई वाले महागठबंधन के बीच मुख्य मुकाबला है।

### पीएम मोदी को एनडीए की बड़ी जीत का भरोसा

पीएम मोदी ने मंगलवार को कहा कि बिहार की जनता ने यह सुनिश्चित करने का मन बना लिया है कि NDA आगामी विधानसभा चुनावों में पिछले 20 वर्षों के अपने जीत के रिकॉर्ड को तोड़े और राज्य में 'जंगल राज' की वापसी न हो। मोदी ने कहा कि बिहार में 'जंगल राज' लाने वाले लोगों को आगामी चुनावों में अब तक की सबसे बुरी हार का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि दोनों 'राजकुमार' पूरे राज्य में घूम रहे हैं और दिल्ली वाले ने तो 'छठी मैया' का अपमान भी किया है।

### बिहार में आज पहले फेज की वोटिंग

**पटना.** बिहार विधानसभा चुनाव का पहला चरण कल, यानी 6 नवंबर को 18 जिलों की 121 विधानसभा सीटों पर मतदान होगा। इसको लेकर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत कर दिया गया है। हर मतदान केंद्र पर सशस्त्र बलों की तैनाती की गई है। बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान गुरुवार को होगा। इस चरण में प्रदेश के 121 सीटों के 3.75 करोड़ से अधिक मतदाता 1314 उम्मीदवारों के राजनीतिक भविष्य को तय करेंगे। पहले चरण के 121 सीटों पर एनडीए के 121 और महागठबंधन के 126 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं पहले चरण के चुनाव में जिन 121 सीटों पर मतदान होना है, उनमें से एनडीए के 121 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं, जबकि महागठबंधन के 126 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

# राहुल बोले- हरियाणा की तरह बिहार में ऑपरेशन सरकार चोरी

- राज्य के 5 लोगों को मंच पर बुलाया
- सभी बोले- हमारे नाम वोटर लिस्ट से काटे

**नई दिल्ली.** बिहार में पहले फेज की 121 सीटों पर कल वोटिंग होनी है। इससे एक दिन पहले राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि राज्य में ऑपरेशन सरकार चोरी चलाया जा रहा है। राहुल ने बिहार के 5 वोटरों को मंच पर बुलाया। सभी ने कहा कि उनके नाम वोटर लिस्ट काट दिए गए हैं।

राहुल ने वोटर वैरिफिकेशन पर 1 घंटा 20 मिनट लंबी प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने बताया कि हरियाणा में 3.5 लाख वोटर्स का नाम लिस्ट से काट दिया गया था। बिहार में भी यही दोहराया जा रहा है। चुनाव से ठीक पहले वोटर लिस्ट दी जाती है, ताकि लोकतंत्र को मारा जा सके।




उन्होंने अपने प्रजेंटेशन में हरियाणा की वोटर लिस्ट दिखाते हुए कहा कि ब्राजील की एक मॉडल ने हरियाणा चुनाव के दौरान 10 बूथ पर 22 बार वोट डाला। इस तरह हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 में 25 लाख वोटों की चोरी हुई। राहुल ने सबसे पहले हरियाणा सीएम नायब सिंह सैनी का वीडियो दिखाया। राहुल ने कहा कि 2024 इलेक्शन रिजल्ट के दो दिन पहले सीएम ने एक बाइट दी, जिसमें उन्होंने व्यवस्था का जिक्र किया। अब ये व्यवस्था क्या है। इसके बाद जो रिजल्ट आया हरियाणा में कांग्रेस चुनाव हार गई।

राहुल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक ब्राजीलियन मॉडल की फोटो दिखाई। राहुल ने सवाल किया कि हरियाणा की वोटर लिस्ट में ब्राजीलियन लड़की का क्या काम है। राहुल ने दावा किया कि मॉडल ने 22 बार वोट डाला। हरियाणा में पांच कैटेगरी में 25 लाख वोट चोरी हुए। एक अन्य महिला ने एक असेंबली में 100 बार वोट किया।

# वोट चोरी पर राहुल के दावे फर्जी -भाजपा

- छिपकर थाईलैंड-कंबोडिया जाते हैं
- कहते हैं एटम बम फटेगा, बम फटता क्यों नहीं

**नई दिल्ली.** कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा और चुनाव आयोग पर वोटर लिस्ट में गड़बड़ी के आरोप लगाए। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने राहुल के आरोपों पर पलटवार किया।

रिजिजू ने कहा- राहुल ने जो प्रेजेंटेशन दिया, वह फर्जी था। राहुल गांधी ने अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में कुछ विदेशी महिलाओं के नाम का जिक्र किया। वे संसद सत्र चलते समय विदेश चले जाते हैं। छिपकर थाईलैंड-कंबोडिया जाते हैं। उन्हें विदेशों से जो प्रेरणा मिलती है, उसके आधार पर वे लोगों का समय बर्बाद करते हैं।



केंद्रीय मंत्री ने कहा- हम भी कई चुनाव हारे, लेकिन कभी रोना-धोना नहीं किया। हमने चुनाव आयोग को गाली नहीं दी। हमने हमेशा नतीजों का स्वागत किया। बिहार में कल चुनाव है। वे ध्यान भटकाने के लिए मुद्दा लेकर आ रहे हैं। राहुल बोलते हैं कि एटम बम फटने वाला है। उनका एटम बम कभी फटता क्यों नहीं है?

### रिजिजू बोले- बिहार में SIR से लोग खुश, राहुल रो रहे

रिजिजू ने हरियाणा चुनाव पर राहुल के आरोपों पर कहा- एग्जिट पोल, ओपिनियन पोल में उलटफेर होते हैं। 2004 में एग्जिट पोल में भाजपा जीत रही थी, लेकिन नतीजे में हार गई। लोकतंत्र में जीत हो या हार, इसे स्वीकार करना पड़ेगा। हमने चुनाव आयोग, एग्जिट पोल-ओपिनियन पोल को गाली नहीं दी।

केंद्रीय मंत्री ने कहा- अभी SIR जो कर रहे हैं, वह वोटर शुद्धिकरण के लिए होता है। इससे सभी लोग खुश हैं, लेकिन राहुल रो रहे हैं। जहां SIR हुआ, वहां लोग खुश हैं। बिहार में लोग कह रहे हैं कि जहां राहुल जाते हैं, वहां बात बिगड़ जाती है। वोटिंग के समय हर पार्टी का पोलिंग एजेंट होता है। ये चेक करते हैं कि कौन वोट डाला है, कौन नहीं। बाहर से ऑब्जर्वर्स होते हैं। अगर वोटिंग में गड़बड़ी है तो पिटीशन दे सकते हैं। कोर्ट जा सकते हैं। काउंटिंग में भी पोलिंग होती है। तब भी पोलिंग एजेंट्स होते हैं।

# मिर्जापुर में 6 महिलाओं की ट्रेन से कटकर मौत

- कार्तिक स्नान के लिए गंगा घाट जा रही थीं, ट्रैक पार करते समय हादसा

**मिर्जापुर.** यूपी के मिर्जापुर में बुधवार को कालका एक्सप्रेस ट्रेन से कटकर 6 महिलाओं की मौत हो गई। इनमें दो बहनें हैं। हादसा सुबह 9:30 बजे चुनार रेलवे स्टेशन पर हुआ।

चोपन से पैसेंजर ट्रेन चुनार रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 3 पर पहुंची थी। भीड़ अधिक होने की वजह से कुछ श्रद्धालु प्लेटफॉर्म पर न उतरकर दूसरी तरफ ट्रैक पर उतर गए। इसी दौरान दूसरे ट्रैक पर कालका एक्सप्रेस आ रही थी। अचानक ट्रेन आते ही यात्री घबरा गए। पुरुष तेजी से प्लेटफॉर्म पर चढ़ गए, जबकि महिलाएं नहीं चढ़ पाईं और ट्रेन की चपेट में आ गईं। उनके शवों के टुकड़े करीब 50 मीटर तक ट्रैक पर बिखर गए।



रेलवे अफसरों ने बताया कि कालका एक्सप्रेस का चुनार में स्टॉपेज नहीं है, इसलिए ट्रेन की स्पीड तेज थी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा के कारण स्टेशन पर भारी भीड़ थी। हादसा इतनी तेजी से हुआ कि किसी को समझने का मौका ही नहीं मिला। जब ट्रेन गुजर गई, तब ट्रैक पर लाशें बिखरी नजर आईं।

कार्तिक पूर्णिमा के चलते स्टेशन पर भीड़ थी, इसके बावजूद प्लेटफॉर्म से ट्रेन को धीमी गति में नहीं गुजारा गया। गंगा घाट रेलवे स्टेशन से सिर्फ 2–3 किमी दूर है। मरने वालों में 5 महिलाएं मिर्जापुर की और एक सोनभद्र की रहने वाली थीं।

# अमेरिका में 4 करोड़ लोगों की फूड सप्लाई बंद

- लाखों बेरोजगार, कर्ज लेकर घर चला रहे
- ट्रम्प की जिद से लगा सबसे लंबा शटडाउन

**वाशिंगटन डीसी.** अमेरिका में 1 अक्टूबर से शुरू हुए सरकारी शटडाउन का आज 36वां दिन है। यह अमेरिका के इतिहास का सबसे लंबा शटडाउन है। इससे पहले राष्ट्रपति ट्रम्प के पहले कार्यकाल के दौरान 2018 में 35 दिनों तक सरकारी कामकाज ठप रहा था।

शटडाउन की वजह से 42 मिलियन (4.2 करोड़) अमेरिकियों की फूड स्टैंप (SNAP) सहायता रुक गई है। अमेरिका के एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट (USDA) के पास इस कार्यक्रम के लिए सिर्फ 5 अरब डॉलर का रिजर्व फंड है, जबकि नवंबर में फूड स्टैंप जारी रखने के लिए 9.2 अरब डॉलर की जरूरत होगी।

वॉशिंगटन स्थित बाइपार्टिसन पॉलिसी सेंटर के मुताबिक अब तक 6.7 लाख सरकारी कर्मचारी छुट्टी पर भेजे जा चुके हैं, जबकि 7.3 लाख कर्मचारी बिना सैलरी के काम कर रहे हैं। इस तरह लगभग 14 लाख लोग कर्ज लेकर घर चला रहे हैं।

ट्रम्प हेल्थ केयर प्रोग्राम की सब्सिडी बढ़ाने को तैयार नहीं हैं, इस वजह से अमेरिकी संसद के ऊपरी सदन सीनेट में फंडिंग बिल पास नहीं हो पा रहा है। इस बिल पर अब तक 14 बार वोटिंग हो चुकी है, लेकिन हर बार बहुमत के लिए जरूरी 60 वोट नहीं मिल पाए।

## बीजेपी का अगला राष्ट्रीय अध्यक्ष कौन होगा?

बीजेपी का अगला राष्ट्रीय अध्यक्ष कौन होगा, इस पर लंबे समय से अटकलें लग रही हैं। जल्द ही पार्टी का नया अध्यक्ष चुना जा सकता है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इसके संकेत दिए हैं। उन्होंने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव के बाद नए अध्यक्ष के नाम का ऐलान हो सकता है।

बिहार चुनाव के बीच एक इंटरव्यू में जब अमित शाह से पूछा गया कि बीजेपी का अध्यक्ष कब तक चुना जाएगा, तो उन्होंने जवाब दिया, 'अभी चुनाव (बिहार चुनाव) तक तो नहीं होगा, चुनाव के बाद करने का प्रयास करेंगे।'

शाह से पूछा गया कि क्या फैसला ले लिया गया है, तो इस पर उन्होंने कहा कि मैं अकेला फैसला नहीं कर सकता, पार्टी करती है। लेकिन मुझे लगता है कि चुनाव के बाद होगा। बता दें कि इस समय जेपी नड्डा बीजेपी की कमान संभाल रहे हैं और इससे पहले उनके कार्यकाल को विस्तार मिल चुका है। सूत्रों की मानें तो बीजेपी का अध्यक्ष बनने की रेस में कई नाम हैं। इसमें केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, मनोहर लाल खट्टर, भूपेंद्र यादव, धर्मेंद्र प्रधान आदि के नाम शामिल हैं। हालांकि, पार्टी हमेशा से चौंकाने वाले फैसले लेने के लिए जानी जाती रही है, ऐसे में कोई नया नाम भी इस लिस्ट में शामिल हो सकता है।

# प्रियंका बोलीं- अंग्रेजों का नहीं अब मोदी का साम्राज्य

- यहां अडाणी-अंबानी का कर्ज माफ होता है, किसानों का नहीं;

**बेतिया.** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी बिहार के बेतिया के चनपटिया पहुंची हैं। उन्होंने सभा में कहा कि, 20 साल में सरकार ने बस आपको संघर्ष करने की आदत डलवाई है।

चंपारण की धरती से ही आजादी के आंदोलन की शुरुआत हुई। यहां के किसानों की आवाज महात्मा गांधी तक पहुंची और वो यहां तक आए। आज अंग्रेजों का नहीं मोदी का साम्राज्य है। इस राज में सब कुछ महंगा हो गया है।

मोदी साम्राज्य में किसान कर्ज लेता है और ब्याज चुकाते-चुकाते उसकी कमर टूट जाती है। आपका कर्ज कभी माफ नहीं होता, लेकिन अंबानी-अडाणी का लाखों करोड़ों का कर्ज माफ हो जाते है।



देश के प्रधानमंत्री बिहार के सीएम को अपने मंच पर नहीं लाते हैं। दूसरी पार्टी पर सवाल उठाते हैं। वो कहते हैं कि, कांग्रेस के पोस्टर में तेजस्वी की तस्वीर छोटी है। उन्हें देश की नहीं राहुल गांधी और तेजस्वी के भविष्य की चिंता है।

# ICC ने हारिस रऊफ पर बैन लगाया




- PAK बॉलर ने एशिया कप में फाइटर प्लेन गिराने का इशारा किया था

ICC ने पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ पर 2 मैच के लिए बैन लगाया है। रऊफ ने एशिया कप में भारत के खिलाफ 21 सितंबर को खेले गए सुपर-4 मैच में फाइटर प्लेन गिराने का इशारा किया था। अब वह साउथ अफ्रीका के खिलाफ 4 (मैच जारी) और 6 नवंबर 2025 को होने वाले वनडे मैच नहीं खेल सकेंगे। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने मंगलवार को प्रेस रिलीज में यह जानकारी दी। इसके अनुसार भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव की 30% फीस काटी गई है। सूर्यकुमार ने एशिया कप मैचों में पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा से हाथ नहीं मिलाया था।

मैच के बाद BCCI ने पाकिस्तानी क्रिकेटरों हारिस रऊफ और साहिबजादा फरहान के खिलाफ इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) में शिकायत की थी। जबकि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) ने भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव के खिलाफ शिकायत की थी।

- किस प्लेयर्स पर क्या जुर्माना लगा...

हारिस रऊफ को दो बार 30% मैच फीस का जुर्माना और दो डिमेरिट अंक दिए गए।

सूर्यकुमार यादव पर 30% मैच फीसदी का जुर्माना लगाया गया है।

अर्शदीप सिंह को मैच के बाद इशारा करने पर निर्दोष पाया गया और कोई सजा नहीं हुई।

फाइनल में जसप्रीत बुमराह ने पहले ही अपने गलती मान ली थी। उन्हें एक चेतावनी और एक डिमेरिट अंक मिला।

# शादी पुरुष को पत्नी पर कंट्रोल का अधिकार नहीं देती

- 80 साल का पति, पत्नी से क्रूरता का दोषी
- मद्रास हाईकोर्ट ने सजा बरकरार रखी

**चेन्नई.** मद्रास हाईकोर्ट ने कहा है कि भारतीय विवाह प्रणाली को पुरुष वर्चस्ववाद की छाया से निकलकर समानता और आपसी सम्मान के साथ बढ़ना चाहिए। क्योंकि शादी पुरुषों को पत्नी पर निर्विवाद अधिकार नहीं देती। पतियों को महिला के धैर्य को सहमति नहीं समझना चाहिए।

जस्टिस एल विक्टोरिया गौरी की बेंच 1965 में विवाहित एक बुजुर्ग दंपती के बीच वैवाहिक विवाद से जुड़े मामले में सुनवाई कर रही थी। याचिका एक महिला ने लगाई थी, जिसके पति को IPC आईपीसी की धारा 498ए के तहत पत्नी के प्रति क्रूरता का दोषी ठहराया गया था।

कोर्ट ने 31 अक्टूबर को सुनवाई के बाद 80 साल के शख्स को बरी किए जाने का निचली अदालत का फैसला रद्द कर दिया। कोर्ट ने कहा कि खराब शादीशुदा जीवन में महिलाओं की बेमतलब की सहनशीलता ने पुरुषों की पीढ़ियों को उन पर कंट्रोल करने और उन्हें अपने अधीन रखने का साहस दिया है।



### पति ने 18 साल महिला को अलग रहने मजबूर किया, यह क्रूरता

महिला ने कोर्ट में बताया था कि शादीशुदा जीवन के दौरान, उसके पति ने अवैध संबंध बनाए। जब उसने विरोध किया, तो उसने उसके साथ मारपीट और उत्पीड़न किया और उसे झूठे मामले में फंसाकर तलाक लेने की धमकी भी दी।

महिला ने दलील दी कि पति ने पूजा के लिए इस्तेमाल होने वाले फूलदार पौधे काट दिए, देवी-देवताओं की तस्वीरें फेंक दीं। फोन नहीं करने देता था। पारिवारिक समारोहों में जाने से मना कर दिया।

16 फरवरी 2007 को उसे भोजन व भरण-पोषण से वंचित कर दिया। इस तरह उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया। महिला ने आरोप लगाया कि उसके लिए अलग रसोई बना दी गई।

पति ने उसे चाकू मारने की भी कोशिश की थी, लेकिन वह उसे कमरे में बंद करके भाग निकली। बाद में, पति के परिवार ने उसके खाने में जहर मिलाने की भी धमकी दी।

इसके बाद महिला ने शिकायत दर्ज कराई। निचली अदालत ने पति को धारा 498ए के तहत दोषी ठहराया। हालांकि, फैसले को पलट दिया गया क्योंकि कोई चश्मदीद नहीं था, केवल सुनी-सुनाई बातों पर आधारित सबूत थे। न ही दहेज की कोई मांग की गई थी।

हाईकोर्ट ने पति को 6 महीने के कारावास और 5 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माना न भरने पर पर एक महीने के कारावास की सजा भी दी।

# एक्टर विजय बने TVK के CM कैंडिडेट

- करूर भगदड़ के बाद पहली बार कार्यकर्ताओं को संबोधित किया

**महाबलीपुरम.** साउथ एक्टर विजय थलपति की पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम (TVK) की बुधवार को महाबलीपुरम के एक होटल में मीटिंग हुई। इसमें विजय को 2026 तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए मुख्यमंत्री कैंडिडेट घोषित किया गया। साथ ही पार्टी ने उन्हें चुनावी गठबंधन तय करने का पूरा अधिकार भी सौंप दिया।

करूर भगदड़ के बाद पहली बार विजय ने स्पेशल जनरल काउंसिल की बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा- 2026 तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में मुकाबला सिर्फ TVF और सत्तारूढ़ DMK पार्टी के बीच होगा। मजबूत मुकाबले में TVK को 100% जीत मिलेगी।



27 सितंबर को तमिलनाडु के करूर में एक्टर विजय की रैली में हुई भगदड़ में 41 लोगों की मौत और 60 से ज्यादा घायल हुए थे। इसपर विजय ने कहा- अपनों को खोने का उन्हें दुख है। साथ ही कहा कि लोग घटना की जांच के लिए तमिलनाडु सरकार की बनाई एक सदस्यीय कमेटी पर सवाल उठा रहे हैं। जिसे बाद में सुप्रीम कोर्ट ने निलंबित कर दिया।

दरअसल, एक्टर विजय ने 2 फरवरी 2024 को TVK बनाई। विधानसभा चुनाव 2026 में उतरने की घोषणा की। इसके चलते राज्यभर में रैलियां कर रहे हैं। करूर में भी इसी मकसद से रैली रखी गई। रैली के लिए 10 हजार लोगों की परमिशन थी। 50 हजार की भीड़ जमा हो गई।

## आर्मी चीफ बोले- साझा इनोवेशन ही सुरक्षा कवच

# आज कोई भी देश अकेले सुरक्षित नहीं

- ऑपरेशन सिंदूर के बाद सेना को ज्यादा आजादी मिली

**नई दिल्ली.** आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने मंगलवार को कहा कि आज दुनिया में कई तरह के खतरे हैं और ये तेजी से बदल रहे हैं। ऐसे में कोई भी देश अकेले सुरक्षित नहीं रह सकता। अब सबको मिलकर काम करना होगा। उन्होंने कहा- रक्षा क्षेत्र में मिलजुलकर की गई खोज (इनोवेशन) ही सबसे मजबूत सुरक्षा कवच है।

जनरल द्विवेदी मंगलवार को दिल्ली में हुए 'इंडिया डिफेंस कॉन्क्लेव 2025' में बोल रहे थे। इस कार्यक्रम में सेना के वरिष्ठ अधिकारी, रक्षा विशेषज्ञ और उद्योग जगत के लोग शामिल हुए। इस दौरान आर्मी चीफ ने कहा- सेना अब ड्रोन युद्ध, क्वांटम टेक्नोलॉजी, 6G और स्पेस मिशन जैसे क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रही है। हम ऐसी तकनीकों पर काम कर रहे हैं जो नागरिक और सैन्य दोनों जगह उपयोगी हों।



जनरल द्विवेदी ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद सेना को आर्थिक मजबूती मिली है, अब सेना को काम करने में ज्यादा आजादी और लचीलापन मिल रहा है। इसी वजह से नए हथियार और तकनीक को शामिल करने की प्रक्रिया तेज हो गई है।

### सेना ऑटोमेशन की तरफ बढ़ रही

भविष्य में होने वाली लड़ाई में मशीनें और टेक्नोलॉजी का बड़ा रोल होगा। सेना अब पूरी तरह ऑटोमेशन और मैन-अनमैन्ड टीम्स की तरफ देख रही है। इससे सैनिकों की उतनी ही संख्या से हमें ज्यादा काम मिल सके। यह तभी हो पाएगा, जब उद्योग हमारे साथ मिलकर नई तकनीक दें।

## संक्षेप...

### रिक्शा चालक को डंडे से मारपीट कर किया घायल

**भिवंडी.** रिक्शा यूनियन अध्यक्ष सुनिल माली के जन्मदिन की पार्टी की तैयारी के दौरान हुए विवाद के बाद एक रिक्शा चालक को डंडे से मारपीट कर घायल किए जाने की घटना सामने आई है.

मिली जानकारी के अनुसार फिर्यादी रिक्शा चालक नितिन दुर्याधन मुकदम, (38) 29 अक्टूबर की शाम 6.30 बजे के करीब गावदेवी रिक्शा यूनियन के अध्यक्ष सुनील माली के जन्मदिन की पार्टी का आयोजन कर रहा था। वादी जब उक्त स्थान पर काम कर रहा था, तभी आरोपी संगम रामदास पाटिल वहां आया और कहने लगे कि काम पूरा नहीं हुआ है और रिक्शे सड़क पर खड़े हैं। जब वादी ने आरोपियों को बताया कि सभी के पास रिक्शे हैं, तो आरोपी भड़क गए और वादी के साथ गाली-गलौज की और वहाँ पड़े लकड़ी के डंडे से वादी के सिर के दाहिने हिस्से पर वार कर दिया. जिससे नितिन घायल हो गया. नारपोली पुलिस मामले की जांच कर रही है.

# कल्याण-शील रोड पर 2 दिनों के लिए बंद

■ **वैकल्पिक मार्ग का करें उपयोग**




**कल्याण.** रेलवे प्रशासन की दिल्ली से जेएनपीटी डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर परियोजना के सीटीपी 11 प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है. इस रूट पर निलजे रेलवे ओवर ब्रिज की ऊँचाई कम होने के कारण यह डीएफसीसी के डबल कंटेनर यातायात में बाधा उत्पन्न कर रहा है। इसके कारण पुराने फ्लाईओवर को तोड़कर नया फ्लाईओवर बनाया जाएगा। इस कार्य के लिए 7 से 9 नवंबर तक यातायात में परिवर्तन किया गया है।

यह कार्य तीन दिनों तक चलेगा और 7 नवंबर की मध्यरात्रि 12 बजे से 9 नवंबर की मध्यरात्रि 12 बजे तक किया जाएगा। इस कार्य के लिए कल्याण शील रोड पर यातायात में अस्थायी रूप से परिवर्तन करने का निर्णय लिया गया है। पुलिस उपायुक्त पंकज शिरसाट के आदेश पर यातायात विभाग द्वारा अधिसूचना जारी की गई है।

इसके अनुसार, कोलसेवाड़ी यातायात उप-विभाग की सीमाओं में निम्नलिखित परिवर्तन किए गए हैं। नवी मुंबई और पुणे की ओर जाने के लिए महत्वपूर्ण कल्याण शील रोड पर निलजे फ्लाईओवर का पुनर्निर्माण कार्य शुक्रवार से शुरू होगा और इसके लिए यातायात में निम्नलिखित परिवर्तन होंगे।

**प्रवेश बंद** 1 - कल्याण से शिलफाटा जाने वाले सभी प्रकार के वाहनों को कल्याण शिल रोड, निलजे कमानी के पास बंद कर दिया गया है।

**वैकल्पिक मार्गः** ये वाहन निलजे कमानी के पास दाएँ मुड़ेंगे और लोधा पलावा से कल्याण की ओर महालक्ष्मी होटल तक जाने वाली सड़क से आगे बढ़ेंगे और फिर अपने गंतव्य की ओर बढ़ेंगे।

**प्रवेश बंद** 2 - लोधा पलावा, कासाबेला, लोधा हेवन, एक्सपीरिया मॉल से कल्याण की ओर जाने वाले सभी प्रकार के वाहनों को निलजे ब्रिज की चढ़ाई पर, एक्सपीरिया मॉल की ओर कल्याण शिल रोड, कल्याण की ओर जाने वाले सभी प्रकार के वाहनों के लिए प्रवेश बंद किया जा रहा है।

**वैकल्पिक मार्गः** उक्त वाहन कल्याण शील रोड होते हुए शिलफाटा की ओर जाएँगे, देसाई खाड़ी पुल पार करेंगे, सरस्वती टेक्सटाइल के सामने दाएँ मुड़ेंगे (यू टर्न) और नए पलावा फ्लाईओवर ब्रिज होते हुए अपने गंतव्य की ओर जाएँगे।

**प्रवेश बंद 3** - मुंब्रा, कल्याण फाटा से कल्याण की ओर जाने वाले सभी प्रकार के 6-पहिया और भारी वाहनों का मुंब्रा यातायात उप-विभाग की सीमा के भीतर कल्याण फाटा पर प्रवेश बंद किया जा रहा है।

**वैकल्पिक मार्गः** उक्त 6-पहिया और भारी वाहन कल्याण फाटा - शिलफाटा - मुंब्रा बाईपास - खारेगांव टोल प्लाजा होते हुए अपने गंतव्य की ओर जाएँगे।

**प्रवेश बंद 4** - कल्याण से मुंब्रा कल्याण फाटा जाने वाले सभी प्रकार के 6-पहिया और भारी वाहनों का कटाई चौक (बदलापुर चौक) पर प्रवेश बंद रहेगा।

**वैकल्पिक मार्गः** उक्त 6 पहिया वाहन और भारी वाहन कटाई चौक (बदलापुर चौक) - खोनी नाका - तलोजा एम.आई.डी.सी. होते हुए अपने गंतव्य स्थान पर जाएँगे।

**प्रवेश बंद 5** - नवी मुंबई तलोजा एम.आई.डी.सी. से कटाई, बदलापुर चौक, खोनी नाका, निसर्ग होटल की ओर से आने वाले सभी प्रकार के 6 पहिया वाहन और भारी वाहन, खोनी नाका, निसर्ग होटल पर बंद रहेंगे।

**वैकल्पिक मार्गः** उक्त 6 पहिया वाहन और भारी वाहन, खोनी नाका, निसर्ग होटल से दाएँ मुड़ेंगे और बदलापुर पाइप लाइन - नेवाली होते हुए अपने गंतव्य स्थान पर जाएँगे।

### हल्के वाहन वैकल्पिक मार्ग

नवी मुंबई, मुंबई से कल्याण फाटा (मुंब्रा) होते हुए कल्याण की ओर जाने वाले कार और मोटरसाइकिल चालकों को कल्याण फाटा - शिलफाटा - दिवा - अगसन फाटक - दिवा संदप रोड - मानपाड़ा, कल्याण शिल रोड का उपयोग करना चाहिए।

मुंबई-ठाणे से कल्याण फाटा (मुंब्रा) होते हुए कल्याण की ओर जाने वाली कारों और मोटरसाइकिल चालकों को नासिक मुंबई राजमार्ग - मनकोली मोठागांव - डोंबिवली या नासिक मुंबई राजमार्ग रंजनोली बाईपास कोनगांव कल्याण का उपयोग करना चाहिए।

कल्याण, डोंबिवली, अंबरनाथ, बदलापुर, उल्हासनगर से नवी मुंबई, मुंबई की ओर जाने वाली कारों और मोटरसाइकिल चालकों को चक्की नाका - हाजीमलंग रोड नेवाली नाका - बदलापार पाइपलाइन रोड - खोनी नाका - तलोजा एमआई का उपयोग करना चाहिए।

कल्याण, डोंबिवली से ठाणे, मुंबई की ओर जाने वाले कार और मोटरसाइकिल सवारों को डोंबिवली - मोठागांव मनकोली नाका या दुर्गाडी कोनगांव - नासिक मुंबई राजमार्ग का उपयोग करना चाहिए।

पनवेल, नवी मुंबई से महापे नवी मुंबई होते हुए कल्याण फाटा जंक्शन या शिलफाटा जंक्शन पर आने वाले 6 पहिया वाहन और भारी वाहन कल्याण फाटा जंक्शन - शिलफाटा - मुंब्रा बाईपास - खारेगांव टोल प्लाजा वैकल्पिक सड़क : इस मार्ग का उपयोग किया जाना चाहिए

# CSMT, दादर और LTT पर बनेंगे हाई-टेक 'प्रतीक्षा क्षेत्र'

### भीड़ प्रबंधन के लिए रेलवे का बड़ा कदम

**मुंबई.** अगर आप त्योहारों या छुट्टियों के दौरान मुंबई के प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर होने वाली भीड़ से परेशान हैं, तो आपके लिए एक बड़ी राहत की खबर है। रेलवे ने भीड़ प्रबंधन को बेहतर बनाने और यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए देश भर के 76 रेलवे स्टेशनों पर आधुनिक प्रतीक्षा क्षेत्रों के निर्माण को मंजूरी दे दी है।

इस महत्वाकांक्षी योजना में मुंबई के पाँच प्रमुख स्टेशनों को शामिल किया गया है, जिनमें छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (CSMT), दादर और लोकमान्य तिलक टर्मिनस (LTT) प्रमुख हैं।

### क्यों हो रहा है यह बदलाव?

यह कदम नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर इसी तरह की सुविधा की सफलता से प्रेरित है, जिसने पिछले त्योहारी सीज़न (Diwali & Chhath) के दौरान अत्यधिक भीड़ को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घोषणा की कि ये नए प्रतीक्षा क्षेत्र स्थानीय स्टेशन लेआउट के अनुसार मॉड्यूलर डिज़ाइन के होंगे। उन्होंने कहा, 'ये ज़ोन यात्रियों को व्यस्त यात्रा के दौरान एक सुरक्षित और आरामदायक स्थान प्रदान करेंगे, जिससे भीड़ का प्रवाह, सुरक्षा और समग्र यात्रा अनुभव बेहतर होगा।'

### प्रमुख तथ्य और समय सीमा:

**कुल स्टेशनः** देश भर में 76 रेलवे स्टेशन।

**मुंबई के स्टेशनः** CSMT, दादर, LTT, मुंबई सेंट्रल और बांद्रा टर्मिनस।

**उद्देश्यः** प्लेटफॉर्म और कॉनकोर्स पर भीड़भाड़ कम करना और स्टेशन प्रबंधन को मजबूत करना।

**डेडलाइनः** निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा, और सभी 76 सुविधाओं को 2026 के त्योहारी सीज़न से पहले पूरा करने का लक्ष्य है।

इन नए यात्री आवास क्षेत्रों के निर्माण से मुंबई के लाखों दैनिक और लंबी दूरी के यात्रियों का सफ़र न केवल सुरक्षित होगा, बल्कि उन्हें तनाव-मुक्त और आरामदायक प्रतीक्षा स्थान भी मिल पाएगा।

# भीड़ का फायदा उठाकर चुरा लिया मोबाइल

**भिवंडी.** भिवंडी बस स्टैंड में बस में चढ़ रहे यात्री का मोबाइल भीड़ का फायदा उठाकर चुरा लिया और आरोपी ने उसे पटक कर क्षतिग्रस्त कर दिया.

शिकायतकर्ता इलियास अकबर लाला (41) बहाउद्दीन हाइट्स, अनवर मसाला के पास, कॉटरगेट, भिवंडी में रहते हैं. इलियास ने शिकायत दर्ज कराई है कि 3 नवंबर की सुबह 8.30 बजे के करीब वे भिवंडी बस स्टैंड से बस में चढ़ रहे थे. इस दौरान आरोपी साहिल महबूब कुरैशी (22) (निवासी मकान नंबर 136, नईम मटन शॉप के सामने, खिजरा मस्जिद, कुरेशी नगर) ने भीड़ का फायदा उठाकर उनका मोबाइल चुरा लिया और उसे ज़मीन पर पटक कर क्षतिग्रस्त कर दिया। पता चला है कि आरोपी दो साल से ठाणे, पालघर, मुंबई शहर, मुंबई उपनगरीय और रायगढ़ जिलों में रह रहा था और चूँकि वह ठाणे जिले में आ गया है, इसलिए उसके खिलाफ कानूनी मामला दर्ज किया गया है। हालांकि अभी तक गिरफ्तारी नहीं हुई है.

## मेज की दराज से 52 हजार रुपए नकद चोरी

**भिवंडी.** निर्माण व्यवसायी इंद्रपाल एकनाथ भोईर, (61) का श्रीराम कंपाउंड, दापोड़ा में कार्यालय है. उन्होंने उक्त कार्यालय में मेज की दराज में रखे 52,000 रुपए रखे थे. 22अक्टूबर को दोपहर 1:00 बजे, 23 अक्टूबर की सुबह 9:00 बजे के बीच उक्त कार्यालय में मेज की दराज में रखे 52,000 रुपए चोरी हो गए. जिसकी शिकायत उन्होंने नारपोली पुलिस में दर्ज कराई है. नारपोली पुलिस में अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मामले की जांच पी.ओ.सी. नं. 3473 संतोष दीपक सस्कर कर रहे हैं.

# बाढ़ में बह रहा पानी, लेकिन प्यासा महाराष्ट्र चीख रहा

■ **पर्यावरणविद् डॉ. प्रशांत सिनकर का मुख्यमंत्री को निवेदन**

**ठाणे.** बाढ़ का पानी हमें डुबो तो देता है, लेकिन हमारी प्यास नहीं बुझाता इस दर्दनाक हकीकत की ओर ध्यान दिलाते हुए, पर्यावरणविद् डॉ. प्रशांत सिंकर ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को एक भावुक बयान दिया है। हालाँकि, उन्होंने केवल अपना दुख व्यक्त ही नहीं किया, बल्कि बाढ़ के पानी का उचित उपयोग करके राज्य को जल से समृद्ध बनाने के ठोस उपाय भी सुझाए।डॉ. सिनकर कहते हैं, 'शहरों की सड़कों, नालों और नालों से होकर लाखों लीटर पानी समुद्र की ओर बह जाता है, और दूसरी ओर, सूखे कुओं को देखकर किसान दुखी हैं। अगर इस विडंबना को खत्म करना है, तो जल प्रबंधन को 'आपातकालीन प्राथमिकता' के रूप में लेना होगा।

मुख्यमंत्री फडणवीस को सौंपे गए अपने ज्ञापन में, उन्होंने चार ठोस समाधान प्रस्तावित किए हैं:

1) **बाढ़ के पानी का पुनर्वितरणः** बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से पानी को सुरंगों और नहरों के माध्यम से अभावग्रस्त क्षेत्रों में



पहुँचाया जाना चाहिए। छोटे बाँधों, वाल्व प्रणालियों और भंडारण टैंकों का निर्माण करके पानी का भंडारण किया जाना चाहिए।

2) **शहरी और ग्रामीण जल संसाधनों को मज़बूत करनाः** स्कूलों, सोसायटियों, अस्पतालों और सरकारी भवनों में 'वर्षा जल संचयन' को अनिवार्य बनाया जाना चाहिए। कृषि तालाबों, झीलों और नालों की नियमित सफाई करके भूजल स्तर बढ़ाया जाना चाहिए।

3) **स्मार्ट जल प्रबंधनः** उपग्रहों और ड्रोन के माध्यम से बाढ़ के पानी के प्रवाह को मापकर अभावग्रस्त क्षेत्रों में पानी के पुनर्वितरण की व्यवस्था बनाई जानी चाहिए।

4) **जन जागरूकता अभियानः** नागरिकों में वर्षा जल संचयन की संस्कृति विकसित की जानी चाहिए। स्कूल-कॉलेज स्तर पर 'वर्षा जल संचयन' का प्रशिक्षण अनिवार्य किया जाना चाहिए।

डॉ. सिनकर के अनुसार, 'अगर हम आज से ही बाढ़ के पानी का योजनाबद्ध तरीके से उपयोग करना शुरू कर दें, तो महाराष्ट्र का कोई भी गाँव या शहर प्यासा नहीं रहेगा।' उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित करते हुए कहा, 'मुख्यमंत्री जी, हर बूँद हज़ारों ज़िंदगियों के बराबर है। अगर हम बाढ़ के पानी को बिना बर्बाद किए संग्रहित करें, तो पानी बचाने का मतलब ज़िंदगियाँ बचाना होगा। यह जल क्रांति आपके नेतृत्व में ही संभव है।'

# ठंड बढ़ गई है, अपनी आँखों का ख्याल रखें

**ठाणे.** मौसम विभाग ने संकेत दिया है कि ठंड का प्रकोप बढ़ेगा और इस दौरान शरीर के साथ-साथ आँखों का भी विशेष ध्यान रखना ज़रूरी है, नेत्र रोग विशेषज्ञों ने सलाह दी है। ठंडी हवाएँ, शुष्क हवा और स्क्रीन के सामने ज़्यादा समय बिताने का आँखों पर सीधा असर पड़ता है और आँखों में सूखापन, लालिमा, आँखों से पानी आना और धुंधली दृष्टि की शिकायतें बढ़ सकती हैं।सर्दियों के मौसम में बेमौसम बारिश के कारण ठंड कुछ देर तक रही है। हालाँकि, ठंड के दिनों में आँखों की देखभाल भी उतनी ही ज़रूरी है। ठंड हवा में नमी को कम कर देती है। इससे आँखों की प्राकृतिक नमी कम हो जाती है।



इसके लिए घर पर ह्यूमिडिफायर का इस्तेमाल करने, पर्याप्त पानी पीने और डॉक्टर की सलाह के अनुसार कृत्रिम आँसू (आर्टिफिशियल टियर्स) का इस्तेमाल करने की सलाह दी जाती है।बाहर जाते समय ठंडी हवा और धूल का आँखों पर सीधा असर पड़ता है। इसलिए धूप का चश्मा या सुरक्षात्मक चश्मे का इस्तेमाल ज़रूरी है। सिविल अस्पताल की नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. शुभांगी अंबाडेकर ने बताया कि इससे आँखें ठंड, धूल और तेज़ रोशनी से सुरक्षित रहती हैं।गाजर, पालक, बादाम, अखरोट और ओमेगा-3 फैटी एसिड युक्त खाद्य पदार्थ आँखों के स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं। साथ ही, विटामिन ए, सी और ई की पूर्ति से दृष्टि संबंधी समस्याएं कम हो सकती हैं।सर्दियों में मोबाइल फोन और कंप्यूटर पर बिताया जाने वाला समय बढ़ जाता है। इसलिए, हर 20 मिनट में 20 सेकंड के लिए स्क्रीन से नज़र हटाने की सलाह दी जाती है (20-20-20 नियम)। इससे आँखों पर पड़ने वाला तनाव कम होता है।

> थकान और नींद की कमी से आँखें रूखी हो जाती हैं। रोज़ाना कम से कम सात से आठ घंटे की नींद लेने से आँखों को आराम मिलता है और वे तरोताज़ा रहती हैं। यदि आँखों में खुजली, लालिमा, पानी आना या धुंधलापन जैसी शिकायतें बढ़ जाती हैं, तो बिना स्वयं दवा लिए किसी नेत्र रोग विशेषज्ञ से परामर्श लेना आवश्यक है।
>
> -डॉ. शुभांगी अंबाडेकर
> (नेत्र रोग विशेषज्ञ, सिविल अस्पताल, ठाणे)

# ज़िला प्रशासन ने नागरिकों से की रक्तदान की अपील

**ठाणे.** एक व्यक्ति द्वारा रक्तदान करने पर उस रक्त के सभी महत्वपूर्ण घटकों को अलग करके पाँच लोगों की जान बचाई जा सकती है। इसीलिए रक्तदान सर्वोत्तम दान माना जाता है। ठाणे ज़िले में पिछले कुछ दिनों से मरीज़ों के लिए रक्त की कमी हो रही है और ज़िला जिलाधिकारी डॉ. श्रीकृष्ण पंचाल, ज़िला शल्य चिकित्सक डॉ. कैलाश पवार, ज़िला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गंगाधर पारगे और ज़िला सूचना अधिकारी मनोज सुमन शिवाजी सानप ने ज़िले के ज़्यादा से ज़्यादा नागरिकों से रक्तदान करने की अपील की है। इच्छुक रक्तदाताओं, गैर सरकारी संगठनों, कॉलेज के छात्रों को स्वेच्छा से रक्तदान करने की पहल करनी चाहिए और ज़रूरतमंद मरीज़ों की मदद करनी चाहिए और रक्तदान करके इस सामाजिक और राष्ट्रीय कार्य में अपनी भागीदारी निभानी चाहिए। साथ ही अगर नागरिक रक्तदान शिविर आयोजित करना चाहते हैं, तो ज़िला रक्त आधान अधिकारी गिरीश चौधरी (9869685282) से संपर्क करें। यह कार्य ठाणे जिला प्रशासन के माध्यम से किया गया है।

# साथ रहने वाले जोड़े ने चौथी मंजिल से कूदकर की आत्महत्या

**नालासोपारा.** नालासोपारा में साथ रहने वाले एक जोड़े ने मंगलवार सुबह अपनी इमारत की चौथी मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि उनकी मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं है क्योंकि कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।नालासोपारा में लिव-इन में रहने वाले जोड़े ने आत्महत्या कर लीपुलिस के अनुसार, लगभग 35 वर्षीय यह जोड़ा 2022 से नालासोपारा पश्चिम के हनुमान नगर में रह रहा था।

नालासोपारा पुलिस स्टेशन के एक पुलिस अधिकारी ने बताया, 'पुरुष मध्य मुंबई के आर्थर रोड इलाके में सफाई कर्मचारी के रूप में काम करता था, जबकि महिला एक कॉल सेंटर में कार्यरत थी।' वह व्यक्ति शादीशुदा था और उसका एक 12 साल का बेटा भी था, लेकिन अपनी पत्नी से अलग होने के बाद वह अपनी प्रेमिका के साथ रहने लगा था।दंपति के एक दोस्त ने पुलिस को बताया कि वह सोमवार रात 10:30 बजे तक उनके साथ था और एक स्थानीय बार में शराब पी रहा था।

अधिकारी ने कहा, 'उसने बताया कि वह उन्हें उनकी इमारत के पास छोड़कर चला गया। तब तक किसी भी तरह की परेशानी के कोई संकेत नहीं थे।' बाद में, रात करीब 1 बजे, दोनों ने इमारत की चौथी मंजिल से छलांग लगा दी और उन्हें पास के एक अस्पताल ले जाया गया जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।मोपका में रहते हैं? इसे पढ़ने से पहले श्रवण यंत्र न खरीदेंपुलिस ने आकस्मिक मृत्यु की रिपोर्ट दर्ज कर ली है और मामले की जाँच कर रही है। अधिकारी ने कहा, 'हमने घर की जाँच की और अंदर कुछ शराब की बोतलें मिलीं, जिससे पता चलता है कि उन्होंने मरने से पहले शराब पी थी। हो सकता है कि उनमें झगड़ा हुआ हो और उनमें से एक कूद गया हो, जबकि दूसरा भी दूसरे को बचाने की कोशिश में नीचे गिर गया हो।'

# सलमान खान के खिलाफ दर्ज हुआ केस

■ **पान मसाला विज्ञापन को लेकर कानूनी पचड़े में फंसे एक्टर**

■ **युवाओं को गुमराह करने का आरोप**



सलमान खान पान मसाला विज्ञापन को लेकर मुश्किल में पड़ गए हैं। बीजेपी नेता और राजस्थान हाईकोर्ट के वकील इंदर मोहन सिंह हनी ने एक्टर के खिलाफ केस दर्ज कराया है। शिकायत में कहा गया है कि सलमान ने एक माउथ फ्रेशनर ब्रांड का ऐसा विज्ञापन किया है, जो युवाओं को गुमराह कर रहा है। इस मामले में 27 नवंबर को सुनवाई होगी। शिकायत कर्ता इंदर मोहन सिंह हनी ने एएनआई से बातचीत में कहा, सलमान खान बहुत से लोगों के रोल मॉडल हैं। हमने उनके खिलाफ कोटा उपभोक्ता कोर्ट में शिकायत दर्ज कराई है। अन्य देशों में सेलेब्रिटी या फिल्म स्टार्स कोल्ड ड्रिंक तक का प्रचार नहीं करते, लेकिन यहां तंबाकू और पान मसाला जैसे उत्पादों का प्रचार किया जाता है। उन्होंने आगे कहा कि राजश्री पान मसाला बनाने वाली कंपनी और सलमान खान ने अपने प्रोडक्ट को केसर वाली इलायची और केसर वाला पान मसाला बताकर भ्रामक विज्ञापन किया है। यह दावा सच नहीं हो सकता, क्योंकि केसर की कीमत लगभग 4 लाख रुपए प्रति किलोग्राम है, जो 5 रुपए वाले प्रोडक्ट में शामिल नहीं हो सकती। ऐसे झूठे दावे युवाओं को पान मसाला खाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं, जो मुंह के कैंसर का एक प्रमुख कारण है।

# टेस्ट रन के दौरान एक ओर झुक गई मोनोरेल

**मुंबई.** वडाला डिपो स्टेशन के पास टेस्ट रन के दौरान एक मोनोरेल ट्रेन झुक गई। ट्रेन में एक ट्रेन कैप्टन और एक और रेल स्टाफ था, लेकिन कोई पैसेंजर नहीं था। मोनोरेल को नुकसान हुआ है। बताया जा रहा है कि यह हादसा सिग्नलिंग इक्विपमेंट की कमी के कारण हुआ।

वडाला स्थित अपने डिपो के बाहर मुंबई मोनोरेल का एक रेक पटरी से उतर गया, लेकिन मुंबई



महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) ने इसे मॉक ड्रिल बताकर इस घटना को कमतर आंकने की कोशिश की।मुंबई मोनोरेल के एक डिब्बे को एक दुर्घटना में काफी नुकसान हुआ।

शहर की एकमात्र मोनोरेल प्रणाली इस साल मानसून के दौरान बार-बार व्यवधान और तकनीकी खराबी के कारण 20 सितंबर से सेवा से बाहर है।सूत्रों के अनुसार, यह घटना सुबह करीब 9.30 बजे हुई जब मेधा सर्वो ड्राइव्स द्वारा निर्मित एक नई मोनोरेल रेक डिपो के पास ट्रायल रन के लिए जा रही थी। ट्रेन को एक गाइडवे बीम से दूसरे पर ले जाया जा रहा था, तभी कथित तौर पर बदलाव के दौरान यह फिसल गई। मोनोरेल प्रणाली में, गाइडवे बीम रेलवे ट्रैक की तरह ही काम करता है।पटरी से उतरना इतना भयानक था कि एक डिब्बा बीम से उतर गया, जिससे रेक के अंडरकैरिज को नुकसान पहुँचा। कुछ ही मिनटों में, मुंबई फायर ब्रिगेड और मुंबई पुलिस की टीमें घटनास्थल पर पहुँच गईं, लेकिन उन्हें वापस लौटने को कहा गया। एमएमआरडीए के एक अधिकारी ने कहा, यह घटना आपातकालीन तैयारियों का परीक्षण करने के लिए एक मॉक ड्रिल का हिस्सा थी।

## आम सूचना

इस आम सूचना द्वारा मैं श्रीमती प्रतिभा प्रकाश प्रधान सभी को सूचित कर रही हूं कि श्री प्रकाश साईनाथ प्रधान का देहांत 17 अगस्त 2025 को हो गया है. उनके नाम पर ऑटो रिक्शा नं. एमएच05 डीजे 106 है और परमिट नं. 8928/UNR जिसे अब मेरे नाम पर परिवर्तन करने के लिए कल्याण आर.टी.ओ. कार्यालय में आवेदन दे दिया है. उपरोक्त ऑटो रिक्शा पर किसी को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो जैसे विक्री व्यवहार, खरीदी व्यवहार, गिरवी, दान बक्षीस, वारण, लीज तथा अन्य कोई लेन देन हो तो इस आम सूचना के प्रकाशित होने के 7 दिन के भीतर अपनी आपत्ती आर.टी.ओ. कार्यालय, कल्याण में दर्ज कराएं। अन्यथा रिक्शा नं. एमएच05 डीजे 106 मेरे श्रीमती प्रतिभा प्रकाश प्रधान के नाम पंजीकरण कर दिया जाएगा.

सही/-
**श्रीमती प्रतिभा प्रकाश प्रधान**









यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099